● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 113, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 30 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



देश में रामभक्त शासन करेगी : योगी आदित्यनाथ 5



गंभीर का हेड कोच बनना लगभग तय 6

## बीजद ने हर कदम पर आपके भरोसे को तोड़ा : मोदी

**मयूरभंज।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा में चुनाव प्रचार किया। मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) की जमकर आलोचना की। उन्होंने बीजद पर आदिवासियों की जमीन हड़पने और खनिज संपदा लूटने का आरोप लगाया। इस रैली के जरिए उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत को लेकर भी सवाल किया।



इस रैली में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, आजकल नवीन पटनायक के सभी शुभचिंतक बहुत चिंता में हैं। वो ये देखकर बहुत परेशान हैं कि पिछले एक साल में नवीन बाबू की तबीयत इतनी कैसे बिगड़ गई। वर्षों से नवीन पटनायक के करीबी लोग जब मुझसे मिलते हैं, तो वो उनकी तबियत की चर्चा जरूर करते हैं। वो बताते हैं कि नवीन बाबू अब खुद से कुछ कर नहीं पा रहे हैं। अरसे तक उनके करीबी रहे लोगों का मानना है कि उनकी तबीयत बिगड़ने के पीछे कोई साजिश भी हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने नवीन पटनायक के तबीयत को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, नवीन बाबू की तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन पटनायक के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है।

उन्होंने आगे कहा कि 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। बता दें कि पीएम मोदी की यह टिप्पणी असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के उस आरोप के बाद आई, जहां उन्होंने कहा था कि बीजद नेता वीके पांडियन ओडिशा के सीएम के गतिविधियों को नियंत्रित कर रहे हैं।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को घेरा। उन्होंने कहा, बीजद पर आपने 25 साल भरोसा किया, लेकिन बीजद ने हर कदम पर आपके भरोसे को तोड़ा है। यही बीजद सरकार आदिवासी बंधुओं की जमीन हड़पने के लिए कानून लेकर आई थी। भाजपा के दबाव में उसे वो कानून वापस लेना पड़ा। अब इस बार अगर इन्हें मौका मिला, तो ये आदिवासियों की जमीन हड़पने का अवसर छोड़ेंगे नहीं। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, बीजद ने आपकी खनिज संपदा को भी लुटा है। मोदी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाकर हजारों करोड़ रुपये ओडिशा को दिए। बीजद में इसमें भी घोटाला कर दिया। लोग कह रहे हैं कि ओडिशा का लुटा हुआ पैसा विदेशों तक जा रहा है। लूट का माल ये कहीं भी छिपा लें, मोदी पाई-पाई निकालेगा। ये मोदी की गारंटी है कि जिसने जनता को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा और लूटने वाले जिंदगी भर जेल की चक्की पिसेंगे। पीएम मोदी ने ओडिशा में वनधन योजना को ठीक से लागू करने का वादा किया। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने जो वनधन योजना चलाई है।

## बरोदिया नोनागिर पहुंचे सीएम, कांग्रेस को दी सीख, कहा-ऐसे मामलों में राजनीति न करे

**सागर।** पिछले दिनों गांव में हुए एक आपसी विवाद में एक पक्ष के दलित युवक राजेंद्र अहिरवार की मौत हो गई थी तथा उसके अगले दिन मृतक के शव के साथ शव वाहन से गांव आ रही मृतक की भतीजी की शव वाहन से गिरकर मौत हो गई थी। इन्हीं मामलों के बाद राजनीति गर्म है।



अब बुधवार सुबह सीएम डॉ. मोहन यादव अंजना अहिरवार के परिवार से मिलने पहुंचे। सीएम ने परिवार की सुरक्षा और आरोपियों को जल्दी से जल्द सख्त सजा दिलाने की बात कही। साथ ही गांव में पुलिस चौकी खोलने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएम अंजना के चाचा राजेंद्र के परिवार से मिले। इसके बाद मीडिया से चर्चा करते हुए मोहन यादव ने कांग्रेस को ऐसे घटनाक्रमों में राजनीति न करने की सीख दी। उनका कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषियों पर कार्रवाई होगी। घटनाक्रम में पीड़ितों के साथ सरकार खड़ी है। सीएम मोहन यादव के साथ उनके मंत्रीमंडल के सदस्य गोविंद राजपूत, खुरई विधायक पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह सहित नरयावली विधायक प्रदीप लारिया सहित अन्य नेतागण शामिल हुए। इससे पहले मंगलवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे। यहां उन्होंने परिवार की फोन पर राहुल गांधी से बात कराई थी। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मृतक राजेंद्र अहिरवार के परिवार को 8 लाख 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आधी राशि 4 लाख 12 हजार 500 रुपये बैंक खाते में जमा होगें, शेष आधी राशि चालान प्रस्तुत होने पर दी जाएगी।

## केजरीवाल के पीए जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे

### 31 मई को सुनवाई होगी, 2 दिन पहले ट्रायल कोर्ट ने बेल याचिका खारिज की थी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की तरफ से दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई जमानत याचिका पर 31 मई (शुक्रवार) को सुनवाई होगी।

बिभव ने बुधवार (29 मई) को याचिका लगाकर गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए मुआवजे और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की भी मांग की थी।

2 दिन पहले यानी 27 मई को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने बिभव की जमानत याचिका खारिज की थी। 28 मई को बिभव को कोर्ट ने 3 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा था। बिभव पर आप की राज्यसभा सांसद से सीएम हाउस में मारपीट का आरोप है। स्वाति मालीवाल की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें 18 मई को सीएम हाउस से ही गिरफ्तार किया था।

बिभव कुमार ने 25 मई को ट्रायल कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिसपर 27 मई को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान स्वाति भी कोर्ट में मौजूद थीं। बिभव के वकील हरिहरन ने सुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि जब सेंसिटिव बॉडी पार्ट्स पर चोट के निशान नहीं मिले तो गैर इरादतन हत्या की कोशिश का सवाल ही नहीं है। न ही बिभव का स्वाति को निर्वस्त्र करने का कोई इरादा था। ये चोटें खुद को पहुंचाई जा सकती हैं। बिभव के वकील ने यह भी कहा कि पुराने जमाने में ऐसे आरोप कौरवों पर लगे थे, जिन्होंने द्रौपदी का चीरहरण किया था। स्वाति ने यह एफआईआर पूरी प्लानिंग करके 3 दिन बाद दर्ज कराई है।

## बिहार में 8 जून तक बंद रहेंगे स्कूल

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रचंड गर्मी के चलते स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है। यह फैसला स्कूलों में छात्राओं की तबियत बिगड़ने और बेहोश होने के बाद लिया गया है। बेगूसराय और शेखपुरा के स्कूलों में बुधवार को 50 लड़कियां गर्मी के कारण बेहोश हो गई थी। कई छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गर्मी के चलते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्कूलों को बंद करने के निर्देश जारी किए। स्कूलों 8 जून तक बंद रहेंगे।

## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी : अमित शाह

बलिया

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के बलिया में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में तिरंगा फहराया बल्कि आतंकवाद को समाप्त कर दिया। शाह ने कहा, कांग्रेस सरकार के समय सपा-बसपा का समर्थन था। दस साल तक देश में आए दिन बम धमाके होते हैं। मोदी जी को आपने पीएम बनाया। उरी और पुलवामा हमला हुआ। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का सफाया किया।



गृहमंत्री शाह ने कहा, समाजवादी पार्टी के शासन में यूपी में माफिया राज था। 2017 में बीजेपी की सरकार बनी। योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया गया। उन्होंने माफियाओं को सीधा कर दिया।% अमित शाह ने कहा कि अब किसी माफिया की हिम्मत नहीं कि वो गरीब की जमीन पर कब्जा कर लें। भाजपा ने पूर्वांचल को माफिया से मुक्त किया।

### गैर संवैधानिक तरीके से दिया आरक्षण

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है। इन्होंने गैर संवैधानिक तरीके से पिछड़ों का आरक्षण मुस्लिमों को दिया। अमित शाह ने कहा, कांग्रेस ने कर्नाटक और हैदराबाद में धर्म के आधार पर मुस्लिमों को आरक्षण दिया। गृहमंत्री ने आगे कहा कि जब तक बीजेपी का एक भी सांसद है। हम पिछड़े वर्ग के रिजर्वेशन को हाथ नहीं लगाने देंगे।

## मिजोरम में भारी बारिश-लैंडस्लाइड में अब तक 29 की मौत

**आइजोल।** पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में रविवार (26 मई) को आए रेमल तूफान का असर मंगलवार (28 मई) को नॉर्थ-ईस्ट में दिखा। मिजोरम में लगातार बारिश और लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। इनमें 14 लोगों की मौत आइजोल में एक पत्थर की खदान ढहने से हुई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। 7 लोग अब भी लापता हैं। असम में भी तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई।

## एक जून से आरटीओ के नए नियम, उल्लंघन करने पर देना होगा अधिक जुर्माना

**सारंगपुर।** सरकारी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की ओर से नए नियम जारी किए जाएंगे। इसमें 1 जून 2024 से नए नियमों को लागू किया जाएगा। गाडी तेज गति से लेकर कम उम्र में चलाने तक में भारी जुर्माना देना होगा। वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस बेहद जरूरी हो गया है। नाबालिग के वाहन चलाने पर मोटा जुर्माना लगया जाएगा। 18 साल से कम उम्र के लोग अगर वाहन चलाते पाए जाते हैं तो 25,000 रुपये तक जुर्माना भरना पडेगा। इसके अलावा वाहन मालिक का ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द हो सकता है,साथ ही नाबालिग को 25 साल की उम्र तक लाइसेंस भी नहीं दिया जाएगा। यहाँ बता दें कि 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद ही लाइसेंस जारी किया जाता है। वहीं 16 साल की उम्र पूरी होने पर 50 सीसी की क्षमता वाले मोटरसाइकिल को चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस लिया जा सकता है। इसके बाद 18 साल के होने पर आप उस लाइसेंस को अपडेट करा सकते हैं। तेज गति से गाडी चलाने वाले पर 1000 रुपये से 2000 रुपये तक का जुर्माना भरना पड सकता है। वहीं बिना लाइसेंस गाडी चलाने पर 500 रुपये का जुर्माना देना होगा।

## मोदी का ध्यान टेलिकास्ट हुआ तो शिकायत करूंगी : ममता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कन्याकुमारी के रॉक मेमोरियल पर ध्यान लगाने की खबर सामने आने के बाद विपक्ष हमलावर हो गया है। राज्यसभा सांसद और पूर्व कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर पीएम वहां प्रायश्चित करने जा रहे हैं, तो अच्छा है क्योंकि जिस इंसान को विवेक का अर्थ ही नहीं पता, वह क्या ध्यान लगाएगा।

वहीं टीएमसी सुप्रीमो और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि अगर नरेंद्र मोदी के इस ध्यान को टेलिविजन पर दिखाया गया तो उनकी पार्टी इलेक्शन कमीशन में शिकायत दर्ज कराएगी।



ममता का कहना है कि ध्यान का टेलिकास्ट करने से आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

पीएम मोदी का 30 मई की शाम तक तमिलनाडु के कन्याकुमारी पहुंचने का कार्यक्रम है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक वे विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 48 घंटे (30 मई की रात से 1 जून की शाम तक) ध्यान लगाएंगे। मोदी 2019 में आखिरी फेज की वोटिंग से पहले केदारनाथ गए थे। वहां बनी रुद्र गुफा में 17 घंटे ध्यान लगाया था। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 57 लोकसभा सीटों के लिए 1 जून को मतदान होना है। इन सीटों के लिए चुनाव प्रचार 30 मई की शाम 5 बजे थम जाएगा।

ममता ने कहा कि मोदी ध्यान लगा सकते हैं, लेकिन टेलिविजन पर उसे दिखाया नहीं जा सकता है। हम इसकी शिकायत करेंगे। क्या किसी को ध्यान करने के लिए कैमरा ले जाने की जरूरत होती है। कैंपेन का समय खत्म होने और चुनाव की तारीख के बीच यह कैंपेन करने का ही एक तरीका है।

मंगलवार को मोदी के दौरे की सूचना के बाद कन्याकुमारी पुलिस ने विवेकानंद रॉक पर सुरक्षा घेरा बनाया है। एसपीजी टीम 29 मई को दोपहर 12 बजे तक पहुंचेगी। हर दिन करीब 1 हजार पर्यटक विवेकानंद स्मारक पहुंचते हैं, लेकिन 29 मई से 1 जून शाम तक स्मारक पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। पीएम मोदी पंजाब के होशियारपुर में मौजूदा अभियान की आखिरी चुनावी सभा कर सीधे तमिलनाडु के कन्याकुमारी निकल जाएंगे।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की याचिका लेने से मना कर दिया है। अब उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल वापस जाना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की छूट दी गई है, इसलिए याचिका स्वीकार नहीं की जा रही है। केजरीवाल को 10 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की अदालत से अंतरिम जमानत मिली थी। उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल में सरेंडर करने को कहा गया था। दिल्ली की लोकल कोर्ट ने 28 मई को केजरीवाल के खिलाफ श्रष्ठ की सप्लिमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने के अपने आदेश को 4 जून तक सुरक्षित रख लिया है। ईडी ने 17 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट में 18वीं सप्लिमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें केजरीवाल और क को आरोपी बनाया था। आम आदमी पार्टी ने सोमवार को दलील दी थी कि गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल का वजन 7 किलो कम हो गया है और उनका कीटोन लेवल हाई है, जो किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है।

## झरोखा




## जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू हो सकता है विधानसभा का मानसून सत्र



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू हो सकता है। संसदीय कार्य विभाग ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की अनुमति लेने प्रस्ताव भेजा है। इसके बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अनुमोदन से विधानसभा सचिवालय द्वारा अधिसूचना जारी की जाएगी। इस सत्र में मोहन सरकार का पहला पूर्ण बजट, आर्थिक सर्वेक्षण और विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे। वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लेखानुदान के माध्यम से जुलाई, 2024 तक के व्यय के लिए विभागों को एक लाख 45 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। 31 जुलाई के बाद व्यय के लिए इसके पूर्व बजट विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल के अनुमोदन से अधिसूचित होना आवश्यक है। इसके लिए विधानसभा का सत्र अब जुलाई में ही बुलाना पड़ेगा क्योंकि विधायकों को प्रश्न पूछने के लिए कम से कम 25 दिन का समय देना होता है।

वित्त विभाग ने बजट की तैयारी प्रारंभ कर दी है। 10 जून तक वित्त मंत्री के बजट भाषण के लिए सभी विभागों से प्रमुख उपलब्धियां मांगी गई हैं। वहीं, विभागवार बजट प्रस्तावों पर उप सचिव स्तरीय बैठकें चल रही हैं, जो पांच जून तक चलेंगी। इसके बाद सचिव, प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव स्तरीय बैठक होंगी। यदि आवश्यक हुआ तो वित्त मंत्री द्वारा विभागीय मंत्रियों के साथ भी बैठक की जा सकती है।

## नेवी के लिए भारत खरीदेगा 26 राफेल-एम फाइटर जेट

**नई दिल्ली।** भारत नेवी के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील करने जा रहा है। इसकी चर्चा के लिए फ्रांस सरकार और दसॉ कंपनी के अधिकारी कल भारत आएंगे। वे रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रेक्ट नेगोशिएशन कमेटी से डील को लेकर चर्चा करेंगे।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 50 हजार करोड़ की इस डील के तहत फ्रांस राफेल-एम जेट के साथ हथियार, सिमुलेटर, क्रू के लिए ट्रेनिंग और लॉजिस्टक सपोर्ट भी मुहैया कराएगा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मीटिंग में नेवी के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। वे इस वित्तीय वर्ष के अंत तक फ्रांस के साथ बातचीत पूरी करने और डील पर



हस्ताक्षर करने का प्रयास करेंगे। नेवी के लिए खरीदे जा रहे 22 सिंगल सीट राफेल-एम जेट और 4 डबल ट्रेनर सीट राफेल-एम जेट हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे।

इस डील की जानकारी सबसे पहले पीएम मोदी की पिछले साल की फ्रांस यात्रा के दौरान सामने आई थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ रिक्वेस्ट जारी किया था, जिसे फ्रांस ने दिसंबर 2023 में स्वीकार किया।

इससे पहले सितंबर 2016 में 59 हजार करोड़ रुपए की डील के तहत भारत वायुसेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीद चुका है। इस बार भारत राफेल-एम विमान खरीद रहा है।

राफेल का 'एम' वर्जन भारत में मौजूद राफेल फाइटर जेट्स से एडवांस्ड है। इसका इंजन ज्यादा ताकतवर है, इसलिए यह फाइटर जेट आईएनएस विक्रांत से स्की जंप कर सकता है।

राफेल के दोनों वैरिएंट में लगभग 85% कॉम्पोनेंट्स एक जैसे हैं। इसका मतलब है कि स्पेयर पार्ट्स से जुड़ी कभी भी कोई कमी या समस्या नहीं होगी।

इसकी रफ्तार 1,912 किमी प्रतिघंटा है। इसकी 3700 किमी की रेंज है। यह 50 हजार फीट ऊंचाई तक उड़ता है। यह एंटीशिप स्ट्राइक के लिए सबसे बढ़िया माना जा रहा है। इसे न्यूक्लियर प्लांट पर हमले के नजरिए से भी डिजाइन किया गया है।

आईएनएस विक्रांत के समुद्री परीक्षण शुरू हो चुके हैं। उसके डैक से फाइटर ऑपरेशन परखे जाने बाकी हैं। सौदे पर मुहर लगने के कम से कम एक साल तक तकनीकी और लागत संबंधी औपचारिकताएं पूरी होंगी।

एक्सपर्ट का कहना है कि नौसेना के लिए राफेल इसलिए भी उपयुक्त है, क्योंकि वायुसेना राफेल के रखरखाव से जुड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर चुकी है। यही नौसेना के भी काम आएगा। इससे काफी पैसा बच जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि राफेल-एम की पहली खेप आने में 2-3 साल लग सकते हैं। वायु सेना के लिए 36 राफेल का सौदा 2016 में हुआ था और डिलीवरी पूरी होने में 7 साल लग गए थे।

# गिट्टी एवं रेत का अवैध परिवहन करते 3 हाईवा वाहन जप्त

## कोहराखोह एवं कर्थुआ बाजार में खनिज, पुलिस एवं राजस्व अमले की संयुक्त कार्रवाई



**सिंगरौली।** खनिज एवं राजस्व तथा पुलिस टीम ने आज संयुक्त रूप से कोहराखोह एवं कर्थुआ बाजार में दबिश देते हुये 3 हाईवा वाहन रेत एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करते जप्त कर लिये गये। इस दौरान चितरंगी तहसीलदार ऋषिनारायण सिंह, सहायक खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला, झोखों चौकी प्रभारी एएसआई सुनिल मिश्रा सहित अन्य अमला मौजूद था।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी निवेदिता गुप्ता, एवं एएसपी शिव कुमार वर्मा के निर्देशानुसार एवं खनि अधिकारी एके राय के मार्गदर्शन में खनिज विभाग में पदस्थ सहायक खनि अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला, डॉ. विद्याकान्त तिवारी, खनि सर्वेयर मुनेन्द्र सिंह द्वारा विभागीय अमले को लेकर खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए जांच के दौरान ग्राम कोहराखोह में 1 हाईवा क्रमांक यूपी 64 बीटी 5117 को खनिज रेत का ओव्हरलोड़ परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त किया गया है। साथ ही कर्थुआ बाजार में बिना नम्बर 1 हाईवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ वन परिक्षेत्र कर्थुआ में खड़ा किया गया है। इसी तरह ग्राम- झोखो में 1 हाईवा क्रमांक एमपी 53 एचए 2061 को खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ पुलिस चौकी झोखो में खड़ा किया गया है। उक्त कार्रवाई में पटवारी रमेश तिवारी, सैनिक प्रकाश मिश्रा, महावीर साहू, गजानन्द कुमार एवं दीनबन्धू शामिल रहे। इस दौरान 3 वाहनों एवं मालिकों व चालकों के विरूद्ध खनिज नियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत कार्यवाही के लिए कलेक्टर सिंगरौली के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा।

## नौतपा में भीषण गर्मी को देखते हुए विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के तुरंत निराकरण के लिए लगाई गई अतिरिक्त टीम



**सिंगरौली।** नौतपा के प्रथम तीन दिनों में अत्यधिक गर्मी होने के कारण लगातार केविल जलने, बॉक्स जलने की अत्यधिक शिकायतें आने पर शिकायतों के त्वरित निराकरण में हो रहे विलंब को देखते हुए शहर संभाग में शायं 4 से 12 के समय एवं रात 12 से सुबह 8 के बीच अतिरिक्त टीमें लगा दी गई हैं।

जिससे विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का तुरंत निराकरण हो सके। एमपीईबी कार्यपालन अभियंता बैढ़न शहर के अजीत सिंह बघेल के अनुसार

सामान्यत: राजस्व कार्य में संलग्न सभी टीमों को निर्देशित किया गया है कि सुबह 7 बजे कार्य पर उपस्थित होने के साथ ही संधारण संबंधी शिकायतों का सर्वप्रथम निराकरण किया जावे। उसके बाद बकायदारों के विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जावे । साथ ही रात के समय अतिरिक्त टीमों का गठन किया गया है। जिनके द्वारा एलटी बॉक्स जलने और केविल जलने की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। राजस्व एवं संधारण के सभी अधिकारियों को लगातार फील्ड में रहने के निर्देश दिए गए हैं । सभी अधिकारियों को टांगटेस्टर उपलब्ध कराया गया है। जिससे ट्रांसफार्मर के तीनों फेजों का लोड नाप कर समय पर लोड बैलेंसिंग की कार्यवाही कराई जा सके। प्रतिदिन 4 से 5 ट्रांसफार्मर की लोड बैलेंसिंग कराई जा रही है। जिससे फ्यूज जाने की शिकायतों में कमी देखी गई है।

# संविदाकारों की परेशानी और सुझाव के निराकरण के लिए निगम आयुक्त ने ली बैठक

## समस्याओं के हल होने पर संविदाकारो ने ताली बजाकर किया निगमायुक्त का स्वागत

सिंगरौली



निगम आयुक्त के द्वारा आज निगम सभागार में सभी संविदाकारों के साथ बैठक ली गई। इस बैठक की सूचना पहले दी गई थी। जिस सूचना के आधार पर सभी संविदाकर्मी निगम सभागार में उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत आयुक्त के उद्बोदन से हुई । आयुक्त ने सभी संविदाकार को संबोधित करते हुए कहा कि आपके कामों से ही निगम की छवि बनती हैं। जहां क्यों ना ऐसा काम किया जाए जिससे नगर का विकास और प्रगति हो। बैठक के दौरान एक-एक संविदाकारो की समस्या, परेशानी और सुझाव को निगम आयुक्त ने सुना। कुछ समस्या तुरंत बैठक के दौरान ही हल कर दी गई। बाकी बची हुई कुछ समस्याओं को संबंधित तकनीकी अधिकारी व कर्मचारियों को जल्द ही निराकरण करने के निर्देश दिए। समस्याओं के तुरंत निराकरण होने के कारण सभी संविदाकारों ने ताली बजाकर निगमायुक्त को धन्यवाद दिया । इस अवसर पर मेवालाल साहू, सुरेश शाहवाल, मो. आमिर, सुभाष चंद्र तिवारी, रमेश साहू और शिव कुमार कुशवाह अन्य सहित सभी संविदाकार बैठक में मौजूद रहे। इसके साथ ही निगम के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, जेपी त्रिपाठी, अभय राज सिंह सहित सभी तकनीकी अधिकारियों व कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।

# स्वच्छता साधनों के प्रति किया जागरूक

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस कार्यक्रम आयोजित

सिंगरौली

महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रिलायंस सासन पावर के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, किशोरी बालिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मौजूद थी। उपस्थित महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के विषय पर जागरूक किये जाने के लिए लॉपता लेडीज फिल्म का प्रदर्शन कराया गया। जिसमें 9 से 16 वर्ष की बालिकाओं को सेनेटरी पैड के समुचित उपयोग एवं निस्तालरण तथा माहवारी संबंधी समाज में व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करने तथा स्वच्छता साधनों के उपयोग हेतु जागरूक किया गया। किशोरी बालिकाओं से प्रश्नोउत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई गई तत्पश्चात उनको पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजेशराम गुप्ता, रिलायन्स के सीएसआर हेड फुजैल अहमद, नागेन्द्र सिंह, बिन्दू उईके प्रभारी परियोजना अधिकारी, मीनाक्षी शुक्ला सहित महिला पर्यवेक्षक तथा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं मौजूद थी।

# आदतन अपराधी से 120 लीटर महुआ शराब जप्त

## नौडिहवा चौकी पुलिस ने गढ़वा में दबिश देकर की बरामद

सिंगरौली



नौडिहवा चौकी पुलिस ने गढ़वा गांव में आज गस्त के दौरान एक आदतन एवं जिला बदर के आरोपी के कब्जे से 120 लीटर महुआ की शराब जप्त करने में सफल रही है। उक्त कार्रवाई निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं शिवकुमार वर्मा एएसपी एवं एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन तथा थाना प्रभारी गढ़वा अनिल कुमार पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी नौडिहवा उदय चन्द्र करिहार ने की है। नौडिहवा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार आज 29 मई को दौरान गस्त के मुखविर द्वारा सूचना मिली की ग्राम तमई का अंजनी तिवारी पिता रामकिशेर तिवारी उम्र 26 वर्ष हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब अपने पाही घर ग्राम गढ़वा में बिक्री के लिए मिर्जापुर उत्तरप्रदेश ले जाने के लिये काफी मात्रा मे रखा है। सूचना की तस्दीक के लिए रेड कार्यवाही किया गाया तो पाया कि दो 60.60 लीटर के जरिकेन में कुल 120 लीटर हाथ भट्टी की बनी महुआ की कच्ची शराब कुल कीमती 12000 रूपए बरामद हुआ आरोपी से बरामद शराब के संबंध में पूछताछ की गई। शराब अवैध थी और आरोपी ने बताया कि उक्त शराब यहां से सस्ते रेट मे शराब खरीदकर उत्तर प्रदेश ले जाकर बिक्री करता। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। जहां उसे न्यायालय में पेश किये जाने के बाद न्यायालय द्वारा जिला जेल पचौर भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अनिल कुमार पटेल थाना प्रभारी गढ़वा, उ नि उदय चन्द्र करिहार एएसआई रमेश प्रसाद साकेत, मदन प्रसाद तिवारी, प्रआर धारेन्द्र पटेल, प्रमोद बैस, आर राजेश मिश्रा, पुष्पराज सिंह एवं राजा का सराहनीय योगदान रहा है।

# जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन निर्माण एंजेसी ब्लैक लिस्ट

सिंगरौली

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग खण्ड सिंगरौली ने बताया कि सिंगरौली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत विकास खण्ड देवसर के ग्राम देवगावा हर्राविर्ती, मजीना, धनहा एवं समदा तथा विकास खण्ड बैढ़न के ग्राम चौरा, परसौना, छतकरम भल्या टोला एवं गढ़हरा में रेट्रोफिटिंग नलजल योजनाओं एवं विकास खण्ड चितरंगी के ग्राम खैरा में मुख्यमंत्री नलजल योजना के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर द्वारा मेसर्स मॉ अम्बे बिल्डर्स प्रो. लच्छेश कुमार शुक्ला, वार्ड नम्बर 4 जेपी रोड पड़रा, तहसील हुजूर जिला रीवा पंजीयन क्रमांक पीडब्ल्यूडी 170016202 तथा मेसर्स राज कांस्ट्रक्शन प्रो. राजकुमारी पाण्डेय ग्राम हर्दी बैढ़न जिला सिंगरौली पंजीयन क्रमांक पीडब्ल्यूडी 160008172, मेसर्स मानस ट्रेडर्स एण्ड कान्ट्रेक्टर्स प्रो.रीतू सिंह रामलीला मैदान के सामने जिला सतना पंजीयन क्रमांक पीडब्ल्यूडी 170012528 को ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

# राशन वितरण की शिकायतें मिलने पर होगी सख्त कार्यवाही : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने सहकारिता एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह राशन वितरण प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाएं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि शहडोल संभाग की सभी राशन दुकानें निर्धारित तिथियों में खुलना चाहिए और राशन दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को राशन समय पर मिलना चाहिए। कमिश्नर ने अपने ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण का हवाला देते हुए कहा है कि मैं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी जा रहा हूं वहां राशन दुकाने बंद मिल रही हैं और ग्रामीणों द्वारा राशन नहीं मिलने की शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रही हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे तत्काल स्थिति को सुधारें। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राशन नहीं मिलने की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराऊंगा। ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उनकी सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने उक्त निर्देश मंगलवार को समयवाधि पत्रों की समीक्षा बैठक में खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई सड़कों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यपालन यंत्री प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण एजेन्सियों के साथ शहडोल संभाग के सभी सड़कों का निरीक्षण करें तथा जहां सडकें क्षतिग्रस्त हुई है उन सभी सड़कों की मरम्मत वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व करें। कमिश्नर ने कहा कि यह कार्य तेजी से होना चाहिए। बैठक में दगना प्रथा को पूर्णत: बंद करने के निर्देश देते हुए कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियो एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे दगना प्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करें। बैठक में कमिश्नर ने शहडोल संभाग के सभी 22 नगरीय निकायों की साफ-सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की।

# 14 अशासकीय विद्यालयों के विरूद्ध 28 लाख रूपये का लगा जुर्माना

## विद्यालय के संचालक, अभिभावकों को वापस करेंगे अधिक वसूली गई राशि

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर की पहल पर शहडोल में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए अभिनव प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर की पहल पर शहडोल जिले में संचालित अशासकीय विद्यालयों के संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के अभिभावकों से नियम के विरूद्व अधिक राशि वसूल करने पर संचालकों को अधिक वसूली की गई राशि को वापस करने के आदेश अशासकीय विद्यालय के संचालकों को दिए गए है जिससे आगामी षिक्षण सत्रों में स्कूल फीस में बढ़ोत्तरी न करने, स्कूल ड्रेस को परिवर्तित करने व विद्यालयो में किताबें निर्धारित दरों में अभिभावक क्रय कर सकें। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के निर्देशानुसार ब्यौहारी विकासखंड के अशासकीय मिलेनियम ड्रीम इंटरनेशलन स्कूल ब्यौहारी, भारतीयम स्कूल ब्यौहारी, क्रिस्ता ज्योति मिशन स्कूल, बुढार विकासखंड के अशासकीय ग्रीन वेल्स पब्लिक स्कूल बुढार,एमजीएम स्कूल गोपालपुर, ज्ञान निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल,विद्यासागर सीनियर स्कूल बुढार, शहडोल के गुड शेफर्ड कान्वेंट स्कूल सोहागपुर,ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल, भारत माता स्कूल, शांति देवी मेमोरियल स्कूल सोहागपुर, सद्गुरू पब्लिक स्कूल, एमजीएम स्कूल धनपुरी, टाइम पब्लिक स्कूल शहडोल के संचालकों को आदेश जारी कहा गया है कि संस्था द्वारा सत्र 2022-23 से फीस वृद्धि कर संग्रहित की गई संपूर्ण राशि उनके पालक या अभिभावकों को आनलाइन नेट बैंकिंग के माध्यम से 30 दिवस के अंदर वापस किया जाना सुनिश्चित करे।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियों कांफ्रेंसिंग से की गई मतगणना तैयारियों की समीक्षा




**सिंगरौली।** भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से मतगणना तैयारियो के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन भी इंदौर से वीडियों कांफ्रेंसिंग से जुड़े। वीडियों कांफ्रेंसिंग में उप निर्वाचन आयुक्त भादू ने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं की जानकारी लेत हुए निर्देश दिये कि सुरक्षा की सभी व्यवस्थाओं सुनिश्चित कराते हुए आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतगणना का कार्य सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में पास धारक व्यक्ति ही प्रवेश करें तथा वहां किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाये। वीडियों कांफ्रेंसिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने सीधी संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले सिंगरौली जिले के मतगणना की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है। उन्होंने मतगणना कक्ष में डाक मत पत्र, ईटीपीबीएस की गणना तैयारियों के बारे में बताया। एसपी निवेदिता गुप्ता ने बताया कि सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किये गये है। कलेक्ट्रेट के एनआईसी से वीडियों कांफ्रेंसिंग अपरकलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा मौजूद रहे।

# किसान का सर्वांगीण विकास हम सब का दायित्व

## कोदो कुटकी उत्पादकों को उच्च गुणवत्ता का बीज मुहैया कराएंः कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने कहा है कि किसानों का सर्वांगीण विकास हम सभी का दायित्व है। उन्होने कहा है कि कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग और मत्स्यपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी किसानों के सर्वांगीण विकास में किसानों का सहयोग करे। उन्होनें कहा है कि आप सभी मिलकर टीम वर्क के साथ काम करेंगे तो शहडोल संभाग के किसानों का सर्वांगीण विकास होगा। कमिश्नर ने कहा कि कृषकों के विकास से जुड़े कृषि विभाग एवं इसके सहयोगी विभागों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गावों में जाकर किसानों से जीवन्त सम्पर्क स्थापित करें। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, पशुपालन, उद्यानिकी की फसलों की खेती, मत्स्यपालन, बकरीपालन, मुर्गीपालन जैसी अतिरिक्त आय अर्जित करने वाली गतिविधियों से जोड़ें और किसानों का मार्गदर्शन भी करें। कमिश्नर ने कहा है कि शहडोल संभाग में बड़ी संख्या में तालाबों का निर्माण किया गया है। उन्होनें कहा है कि कोई तालाबों में मत्स्यपालन की गतिविधियां नही की जा रही है यह अत्यंत ही खेद जनक है। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग के सभी तालाबों में मत्स्यपालन का कार्य होना चाहिए। मत्स्यपालक किसानों को सहजता से मत्स्य बीज उपलब्ध होना चाहिए। यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा है कि शहडोल संभाग में कोदो कुटकी की खेती की जाती है, कोदो कुटकी उत्पादक किसानों को निरंतर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। कमिश्नर ने कहा कि कोदो कुटकी उत्पादक किसानों का मार्गदर्शन कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी करें तथा कोदो कुटकी की खेती करने वाले कृषकों को उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद आज अनूपपुर जिले में आयोजित एक दिवसीय कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्यपालन विभाग के मैदानी अधिकारियों, कर्मचारियों के संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्यपालन विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी संयुक्त रूप से एक वाट्सअप ग्रुप तैयार करें इस वाट्सअप ग्रुप में कमिश्नर, कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को भी शामिल करें और इस वाट्सअप ग्रुप में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी मत्स्यपालन की होने वाली गतिविधियों को शेयर करें। कमिश्नर ने कहा है कि वाट्सअप ग्रुप बनाने की कार्यवाही शहडोल संभाग के सभी जिलों में होनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर अनूपपुर श्री आशीष वशिष्ट ने कहा कि कमिश्नर शहडोल संभाग द्वारा कृषि और किसानों से जुड़े विभागों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराना अच्छी पहल है। इससे कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्यपालन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले में कृषि क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं किन्तु रबी सीजन में अधीकांश खेत खाली पड़े हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रयास ही नहीं किए गए है। कलेक्टर ने कहा कि कृषि विभाग और इससे जुड़े अन्य विभागों के अधिकारी गावों में नहीं जा रहे हैं इनका किसानों से सम्पर्क नहीं है। इनकी मानीटरिंग बहुत खराब है और आपस में समन्वय भी नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि अनूपपुर जिले में कृषि विभाग उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के लिए अब इनका वेतन आहरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन के उपरांत ही किया जायेगा।

# पोंडी वस्तुआ का 93 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

## सुविधाओं के अभाव में भी पोंडी वस्तुआ विद्यालय ने दिया उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

### विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा






**सीधी।** जिला मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर दूर स्थित कुसमी विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडी (बस्तुआ) में कक्षा 1 से 12 वी तक में 450 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां के प्राचार्य एवं शिक्षकों के अथक प्रयास एवं विद्यालय के प्रति समर्पण का प्रभाव विद्यार्थियों में देखने को मिला।

परीक्षा परिणाम एक नजर में

संजय टाइगर रिजर्व के पोंडी रेंज में स्थित इस विद्यालय का कैम्पस देखते बनता है, आंगन में सुंदर और खिले हुए फूल, दीवारों में लिखे हुए अच्छे वाक्य, विद्यालय के आस पास हरे भरे वृक्ष और साफ सुथरा परिसर। इस विद्यालय में कक्षा दसवीं में 64 बच्चे शामिल हुए और 60 बच्चे उत्तीर्ण हुए जिसमें 47 बच्चे प्रथम श्रेणी में एवं 13 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए प् इस प्रकार विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा, वहीं कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में कुल 10 बच्चे शामिल हुए जिसमें 9 बच्चे प्रथम श्रेणी में एवं 01 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने से विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। छात्रा शालिनी पांडे 84 प्रतिशत एवं छात्र तूफान सिंह गोंड ने 74 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में कुल 63 बच्चे शामिल हुए जिसमें 37 बच्चे प्रथम श्रेणी में और 13 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, कला संकाय का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा। सम्मिलित रूप से कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 82.5 एवं कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 93.75 प्रतिशत रहा।

उक्त सफलता के पीछे की शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की अथक मेहनत है। विद्यालय में स्टाफ एवं पालक शिक्षक बैठक का नियमित आयोजन कर छात्रों एवं शाला से सम्बंधित आने वाली समस्याओं जैसे छात्र उपस्थिति, गृह कार्य की समीक्षा, कमजोर छात्रों हेतु रिमेडिकल कक्षाओं का संचालन, कैरियर काउंसलिंग, शैक्षिक भ्रमण, राष्ट्रीय त्योहारों का गरिमामय आयोजन, आदि के लिए विद्यालय जुलाई महीने से ही सक्रिय हो जाता है। गत वर्ष जीव विज्ञान, हिंदी, संस्कृत, भूगोल विषय के शिक्षकों की नियुक्ति हो जाने के कारण विद्यालय में पठन-पाठन व्यवस्थित हुआ।

डी एवं ई ग्रेड के कमजोर छात्रों के लिए रेमेडियल कक्षाओं का संचालन कराया गया जिसमें संकुल अंतर्गत योग्य विषय शिक्षकों को बुलाकर कक्षाओं का संचालन कराया गया। मुख्य रूप से अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषय को चुना गया। यद्यपि कुसमी अंचल के विद्यार्थी खूब लिखते है उसके बावजूद लिखावट सुधार हेतु प्रयास किया गया। नियमित रूप से गृहकार्य देकर कापियों का मूल्यांकन कराया गया, गलतियों पर गोला लगाकर सुधार के प्रयास किए गए। छात्र हितैषी शासन की योजनाओं से बच्चों को अवगत कराया गया जैसे लैपटॉप योजना, स्कूटी योजना, मुख्यमंत्री प्रतिभावान छात्र योजना, गांव की बेटी योजना आदि के बारे में समय-समय पर विद्यार्थियों को अवगत कराया गया जिससे विद्यार्थियों में आगे जाने की ललक पैदा हुई और स्व प्रेरणा से भी छात्र पढ़ाई में जुटे रहे।

कैरियर काउंसलिंग के लिए संजय गांधी नेशनल पार्क के अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, डॉक्टर, महिला बाल विकास विभाग आदि संस्थाओं से लोगों को बुलाकर समय-समय पर करियर संबंधी एवं अपनी कहानी अपनी अपनी जुबानी के माध्यम से बच्चों को प्रेरणा देने का प्रयास किया गया जिससे विद्यार्थी एक दूसरे से आगे निकलने की चाहत में अध्ययन से जुड़े। विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जागृत हुई जिसका परिणाम बहुत ही सार्थक प्राप्त हुआ। तीन विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित किए है। खो - खो में भी तीन बालिकाओ का चयन जिला स्तर के लिए हुआ। एक विद्यार्थी का चयन एनएमएमएस छात्रवृत्ति के लिए हुआ है।

प्राचार्य मनोज कुमार मिश्रा विद्यालय के इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों को देते हैं। उनका कहना है कि पूरा विद्यालय परिवार, संकुल के शिक्षक सभी लोग पूरी निष्ठा से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगे है।

# नगरीय निकायों के जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए विशेष अभियान 05 जून से

सीधी

अपर कलेक्टर राजेश शाही ने जानकारी देकर बताया है कि समस्त नगरीय क्षेत्रों में स्थित जल स्त्रोतो, प्रवाहित होने वाली नदियों, तालाबों, कुओ,बाबडी तथा अन्य जल स्त्रोत के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु दिनांक 05 जून से 15 जून 2024 तक विशेष अभियान के संचालन किया जाना है।

उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली को निर्देशित किया है कि उक्त अभियान की कार्य-योजना तैयार कर जनप्रतिनिधि, सामाजिक तथा अशासकीय संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद का सहयोग प्राप्त करते हुये शासन के निर्देशानुसार दिनांक 05 जून से 15 जून 2024 तक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विशेष अभियान चलायें तथा अभियान के प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में मय फोटोग्राफ के साथ ई-मेल पर भेजना सुनिश्चित करें।

# मतगणना उपरांत जानकारी भेजने अधिकारी नियुक्त

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने आदेश जारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी के मतगणना उपरांत परिणाम से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रारूप में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल भेजने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. सुजीत मिश्रा सहायक परियोजना समन्यवक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीधी एवं इनके सहयोग के लिए अमरेन्द्र मिश्रा कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला पंचायत सीधी को नियुक्ति किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित किया है कि मतगणना से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रारूप में तैयार करेंगे एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल को समय-सीमा में भेजवाना सुनिश्चित करेंगे।

# मारपीट के आरोपियों को 03 माह का सश्रम कारावास की सजा

**सीधी।** बताया गया कि आहत अजीत कुमार सोनी ने दिनांक 20.02.2016 को थाना कोतवाली सीधी में इस आशय की मौखिक सूचना दर्ज कराई कि उसकी शादी साधना सोनी के साथ पिछले वर्ष मार्च में हुई थी। शादी के दिन से ही उसका साला अभियुक्त कृष्ण कुमार सोनी उससे नाराज रहता था। उक्त दिनांक को वह, मुन्ना चाय वाले की सराफा बाजार सीधी स्थित दुकान में चाय पीने गया था। शाम के लगभग 5ः30 बजे अभियुक्त कृष्ण कुमार, रामजी, श्याम तथा गोपाल सोनी आये और उसे मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुये कहने लगे कि वह सीधी में नहीं रहेगा और विकेट से एवं हाथ घूसा से मारपीट करने लगे। हल्ला गोहार करने पर सभी अभियुक्तगण धमकी देते हुए चले गये कि यहां से भाग जा, दुबारा मिला तो जान से मार देंगे। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 123/2016, अंतर्गत धारा 294, 323, 506, 34 भादवि पंजीबद्ध की गई एवं प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्र. 186/22 में शासन की ओर से पैरवी करते हुए कु. सीनू वर्मा, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सीधी द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय जे.एम.एफ.सी. सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्तगण (1) कृष्ण कुमार सोनी पिता राममिलन सोनी, आयु-35 वर्ष , निवासी- सराफा बाजार चकदेही रोड़ सीधी, थाना-कोतवाली, जिला-सीधी (2) रामजी सोनी पिता बद्री प्रसार सोनी, आयु-38 वर्ष , निवासी- सराफा बाजार चकदेही रोड़ सीधी, थाना-कोतवाली, जिला-सीधी, (3) श्याम सोनी पिता बद्री प्रसार सोनी, आयु-32 वर्ष , निवासी- सराफा बाजार चकदेही रोड़ सीधी, थाना-कोतवाली, जिला-सीधी, (4) गोपाल सोनी पिता गुलजारीलाल सोनी, आयु -32 वर्ष , निवासी पटेलपुल अमहा सीधी, थाना-कोतवाली, जिला - सीधी, म.प्र. में से प्रत्येक को धारा 323/34 भादवि के आरोप में 03-03 माह का कठोर कारावास तथा 1,000/- 1,000/- रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

# स्वीकृत रेत खदानों से उत्खनन के संबंध में लोक सुनवाई 3 एवं 4 जुलाई को

**शहडोल।** कलेक्टर श्री भटनागर ने क्षेत्रीय अधिकारी मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी, कनिष्ठ प्रबंधक मध्य प्रदेश राज्य खनिज निगम शहडोल को पत्र जारी किया है कि शहडोल जिले के एम.पी.स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड को स्वीकृत 04 खदानों के लिए अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि की उपस्थिति में 3 एवं 4 जुलाई को लोक सुनवाई आयोजित की जाएगी।

# वीडियो कांफ्रेसिंग से की गई मतगणना तैयारियों की समीक्षा

सीधी



भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से मतगणना तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन भी इंदौर से वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े।

वीडियो कांफ्रेसिंग में उप निर्वाचन आयुक्त श्री भादू ने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि सुरक्षा की सभी व्यवस्थाओं सुनिश्चित कराते हुए आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतगणना का कार्य सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में पासधारक व्यक्ति ही प्रवेश करें तथा वहां किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाये। वीडियो कांफ्रेसिंग में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने सीधी संसदीय क्षेत्र की मतगणना की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है। उन्होंने मतगणना कक्ष में डाकमत पत्र, ईटीपीबीएस की गणना तैयारियों के बारे में बताया। वीडियो कांफ्रेंसिंग में पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रिया पाठक, आर पी त्रिपाठी, शैलेश द्विवेदी, एसपी मिश्रा, प्रशांत त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रवृत्ति के संबंध में बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ावर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की समीक्षा की जाएगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में यह बैठक 30 मई को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, डीईओ ट्राईबल, डीन मेडिकल कालेज, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, समस्त बीईओ, प्राचार्य इंजीनियरिंग कालेज, प्राचार्य पॉलिटेक्निक कालेज, प्राचार्य आईटीआई व सहायक संचालक पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

# घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें : डॉ. शुक्ला

**रीवा।** जिले में पिछले 5 दिनों में तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रातः 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। जिले में 26 मई को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तथा 28 मई को 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौतपा में रात और दिन का तापमान लगातार अधिक बना हुआ है। दिन ढलने के बाद भी लगभग दो घंटे तक गर्म हवाओं का प्रकोप रहता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पुदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। कच्चे आम का पना तथा कच्ची प्याज का उपयोग भी लू से बचाता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

# मतगणना का दूसरे चरण का प्रशिक्षण 31 मई को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। मतगणना के लिए तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। दूसरे चरण का प्रशिक्षण अब 31 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शासकीय टीआरएस कालेज रीवा में आयोजित किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने सभी गणना सहायक, गणना पर्यवेक्षक तथा माइक्रो प्रेक्षकों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# मतगणना कर्मचारियों के ठहरने हेतु अशासकीय भवन अधिग्रहित

**शहडोल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी किया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतगणना में लगाये गये कर्मचारियों के ठहरने हेतु अशासकीय भवन भारत माता विद्यालय शहडोल में व्यवस्था की गई है। इस हेतु अशासकीय भवन भारत माता विद्यालय शहडोल के दो कक्षों को दिनांक 03 से 04 मई 2024 तक अधिग्रहित किया गया है। उपरोक्त संस्था के प्रमुख को निर्देशित किया है कि मतगणना मे लगाये गये कर्मचारियें के ठहरने हेतु व्यवस्था में सहयोग के लिए अपनी संस्था से कम से कम दो कर्मचारियों की डियूटी 03 से 04 मई 2024 तक के लिए लगाना सुनिश्चित करें तथा उनका नाम एवं मोबाईल नंबर नोडल अधिकारी जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र शहडोल को शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे साथ ही ठहरने हेतु रिक्त कक्षों की व्यवस्था के साथ साथ शौचालय एवं पानी की भी व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# क्रूरता कर आत्महत्या को मजबूर करने के मामले में आरोपी पति को 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं दस हजार रूपये जुर्माना

**सीधी।** बताया गया कि अभियुक्त शिवलाल रावत दिनांक 05.10.2022 को एवं उसके 6 माह पूर्व से स्थान ग्राम दुअरा (अन्तर्गत थाना चुरहट, जिला सीधी, म.प्र.) में मृतिका अंतिमा रावत का पति होते हुए उसके साथ मारपीट कर उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर क्रूरता करता था, जिसकी प्रताड़ना से दुष्प्रे रित होकर मृतिका ने दिनांक 05.10.2022 को रात्रि आत्मग्लानि वश फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्रथम दृष्टया अपराध स्थापित पाये जाने पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना चुरहट में अपराध क्रमांक 648/2022, अन्तर्गत धारा 306 भा.दं.सं. के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन सत्र प्र. क्र. 27/23 में शासन की ओर से पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक श्री बृजेश किशोर पाण्डेय द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी द्वारा अभियुक्त शिवलाल रावत तनय ललवा रावत उम्र-25 वर्ष, निवासी ग्राम दुअरा, थाना चुरहट, जिला-सीधी (म.प्र.) को धारा 306 भादवि के आरोप में 7 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10,000/ - रूपये के अर्थदण्ड एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में 6 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया गया।

# आदिवासी युवतियों के साहसी कदम से दुष्कर्म करने वाला आया शिकंजे में, आज न्यायालय में पेश होंगे आरोपित

सीधी

16 मई को सीधी जिले के मझौली थाना के बृजेश प्रजापति की पहली शिकायत आदिवासी युवती ने दर्ज कराई। यही एक कदम ने इसके बाद तीन पीड़ितों ने अलग अलग दिन दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थीं। आदिवासी युवतियों ने कहाकि लाक लाज के भय से अब तक चुप थे। इस मामले में अब तक चार एफआइआर दर्ज कराई गई है। आरोपित ने एक नाबालिग के साथ सात आदिवासी युवतियों के साथ दुष्कर्म कर चुका है।

चार दिन के लिए रिमांड पर रहे आरोपितों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पेश करने के बाद पुलिस जरूरत पर रिमांड में भी ले सकती है। मंगलवार को एक पीड़ित से आरोपित की शिनाख्त कराई गई है। तीन पीड़ित से मंगलवार को पहचान करा ली गई थी। जांच टीम न्यायालय में पेश करने के लिए दस्तावेज तैयार कर लिया है। पीड़ितों को न्याय मिले इसके लिए बारीकी से तथ्यों का ध्यान रखा गया है।

पुलिस ने आरोपितों का ब्लैड सैंपलिंग, डीएनए टेस्ट, एएफसल सहित अन्य महत्वपूर्ण जांच पूरी कर ली गई है। घटनास्थल से पुलिस को टूटीं चूड़ियां सहित अन्य सामग्री मिली है। जिसे न्यायालय में साक्ष्य के बतौर पेश किया जाएगा। साइबर फॉरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा मोबाइल, सिम और व्हाट्सएप के जरिए बातचीत को खंगाल रही है।



रोशनी ठाकुर एसडीओपी एसआइटी टीम पर्यवेक्षक के नेतृत्व में गठित टीम लगातार जांच में जुटी है। अब तक जुटाए गए साक्ष्य से आरोपितों को कड़ी सजा दिलाने में सफल हो सके। अब तक सभी जांच पूरी कर ली गई है।

जांच के दौरान पुलिस ने पीड़ित और आरोपित के मोबाइल का सीडीआर निकाला। ऐसे नंबर मिले हैं कि आरोपित घटना के दिन एक नंबर पर 20 से 25 बार बात करता था। खास यह था कि वह घटना से पहले और घटना के बाद दोबारा बात नहीं करता था। चारों पीड़ित के साथ एक जैसे डिटेल मिले हैं। घटनास्थल जाने के लिए किन-किन रास्तों से गया। उसके मोबाइल टावर लोकेशन भी देखा जा रहा है। चार से पांच किमी पैदल चलकर पुलिस बीहड़ जंगल में साक्ष्य जुटाने मेहनत कर रही है।

राहुल और संदीप प्रजापति दोनों सगे भाई हैं, जो रिश्ते में आरोपित के चचेरे साले हैं। आरोपित को अंजाम देने के बाद इन्हें बताया करता था। लेकिन यह खाने पीने चक्कर में शांत रहते थे। लवकुश प्रजापति एप को डाउनलोड किया था।

पहली शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर के जरिए पुलिस अन्य पीड़िता तक पहुंच गई। डॉ रवींद्र वर्मा पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता से 4-5 घंटे तक बातचीत काउंसिल की। भरोसा दिलाया की आरोपित को कड़ी सजा मिलेगी। इसके बाद एफआइआर दर्ज हुए हैं।

संपादकीय

## जीवाणु संक्रमण, चिंता करने की जरूरत

हमारे जीवन में बहुत सारी बीमारियां स्वच्छता संबंधी आदतें न अपनाने और जीवाणु-रोधी उपायों पर गंभीरता से ध्यान न दे पाने की वजह से पैदा हो रही हैं। लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि अगर ठीक से संक्रमण रोकने संबंधी उपाय किए जाएं तो निम्न-मध्यम आय वाले देशों में करीब साढ़े सात लाख जान बचाई जा सकती है।इन उपायों में हाथों की सफाई, अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई, उपकरणों का रोगाणुनाशन, पीने के लिए स्वच्छ जल मुहैया कराना, सही तरीके से साफ-सफाई रखना और बच्चों को सही समय पर टीके लगवाना शामिल है। अनुसंधानकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल ने अनुमान लगाया कि हर वर्ष दुनियाभर में होने वाली हर आठ मौत में से एक का कारण जीवाणु संक्रमण होता है।अनुसंधानकर्ताओं ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की स्थिति से प्रभावी तौर पर निपटने के लिए लोगों की एंटीबायोटिक तक आसान पहुंच मुहैया कराने का आह्वान किया है। अगर ऐसा न किया गया तो बच्चों को बचाने और उन्हें लंबे समय तक स्वास्थ्य रखने के संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मुश्किलें बनी रहेंगी। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को नियमित टीके लगाकर करीब 1.82 लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह कोई कठिन काम नहीं है, मगर अफसोस कि एक बड़ी आबादी इन सुविधाओं से वंचित है।जिस तरह जलवायु परिवर्तन के खतरे बढ़ रहे हैं, उनका सबसे अधिक असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। नए-नए किस्म के जीवाणु पैदा हो रहे हैं और अगर समय रहते उन पर काबू न पाया जाए, तो वे जानलेवा साबित होते हैं। हालांकि अनेक संक्रामक रोगों पर काबू पाने के मकसद से गर्भवती महिलाओं और बच्चे के पैदा होने के बाद से ही टीके लगाए जाने शुरू हो जाते हैं। मगर इसमें भी बहुत सारे लोग अनजाने में या स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच न हो पाने के कारण लापरवाही बरतते देखे जाते हैं।पोलियो इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें वर्षों से पोलियो की खुराक दी जाने के बावजूद देश अभी तक पूरी तरह पोलियोमुक्त नहीं हो पाया है।

# पर्यावरण- अप्रत्याशित भीड़ से पिघल रहे ग्लेशियर, नदियां भी हो रहीं प्रदूषित; पहाड़ इसके लिए तैयार नहीं...

**सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले साल बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या 56,31,224 थी, जबकि राज्य गठन के वर्ष 2000 में इन चारों धामों में कुल 12,92,411 यात्री पहुंचे थे। सन 1968 में जब पहली बार बस बदरीनाथ पहुंची थी, तो वहां तब लगभग 60 हजार यात्री यात्रा पर पहुंचते थे। इसी तरह 1969 में जब गंगोत्री तक मोटर रोड बनी और 1987 में वहां भैरों घाटी का पुल बना, तो वहां तब लगभग 70 हजार यात्री पहूंचते थे। हिमालयी धामों में यात्रियों के साथ ही वाहनों की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। इन धामों तक पिछले वर्ष5,91,300 वाहन पहुंचे थे। हिमालय पर यात्रियों के इस महारैली से व्यवसायियों का गदगद होना स्वाभाविक है, क्योंकि यह यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी की रीढ़ होने के साथ ही पड़ोसी राज्यों को भी प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ पहुंचाती है।**

(जयसिंह रावत)

उत्तराखंड हिमालय स्थित चारों धामों में यात्रा की शुरुआत में ही श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ उमड़ रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस साल पर्यावरणीय दृष्टि से अति संवेदनशील इन तीर्थों में 70 लाख तक यात्रियों की आमद हो सकती है। दो दशक पहले तक इसकी कल्पना भी नहीं की गई थी।

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले साल बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या 56,31,224 थी, जबकि राज्य गठन के वर्ष 2000 में इन चारों धामों में कुल 12,92,411 यात्री पहुंचे थे। सन 1968 में जब पहली बार बस बदरीनाथ पहुंची थी, तो वहां तब लगभग 60 हजार यात्री यात्रा पर पहुंचते थे। इसी तरह 1969 में जब गंगोत्री तक मोटर रोड बनी और 1987 में वहां भैरों घाटी का पुल बना, तो वहां तब लगभग 70 हजार यात्री पहुंचते थे। हिमालयी धामों में यात्रियों के साथ ही वाहनों की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। इन धामों तक पिछले वर्ष5,91,300 वाहन पहुंचे थे।

हिमालय पर यात्रियों के इस महारैली से व्यवसायियों का गदगद होना स्वाभाविक है, क्योंकि यह यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी की रीढ़ होने के साथ ही पड़ोसी राज्यों को भी प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ पहुंचाती है। लेकिन पर्यावरण और आपदा प्रबंधन से जुड़े लोगों को आस्था के अप्रत्याशित ज्वार ने चिंता में डाल दिया है। प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मभूषण चंडी प्रसाद भट्ट कहते हैं कि इस संवेदनशील क्षेत्र में कभी लोग लाल कपड़े नहीं पहनते थे और वहां शोर करना भी वर्जित था।

यात्रियों की अत्यधिक भीड़ से यात्रा मार्गों में गंदगी भी खूब हो रही है। इस मार्ग पर जो मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) लगे हैं, उनकी क्षमता भीड़ के मुकाबले बहुत कम है और गंदगी नदियों में मिल जाती है। पिछले वर्ष बदरीनाथ में लगे संयंत्र का मलजल सीधे अलकनंदा में प्रवाहित होते हुए पूरी दुनिया ने सोशल मीडिया पर देखा। लगभग 1300 किमी लंबे चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित कस्बों की अपनी सीमित ठोस अपशिष्ट (कूड़ा-कचरा) निस्तारण व्यवस्था है। सरकार या नगर निकायों के लिए अचानक इस व्यवस्था का विस्तार आसान नहीं होता। सबसे अधिक चिंता का विषय वाहनों का हिमालय पर चढ़ना है। इस साल 10 दिन की यात्रा में 6.43 लाख यात्री और 60,416 वाहन चारों तीर्थों तक पहुंच चुके थे।



नवंबर तक यात्रा चलनी है।इन वाहनों में भी सबसे ज्यादा चिंता पैदा करने वाले डीजल वाहन हैं, जिनसे ज्यादा प्रदूषण होता है। पर्यावरणविदों के लिए एक और चिंता का विषय ब्लैक कार्बन है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान के साथ हीग्लेशियरों को भी पिघला रहा है। ऑटोमोबाइल द्वारा उत्सर्जित ब्लैक कार्बन बर्फ और बर्फ की सतहों पर जमा हो सकता है। गहरे रंग के कण हल्की सतहों की तुलना में अधिक सूर्य प्रकाश को अवशोषित करते हैं, जिससे बर्फ और बर्फ का ताप बढ़ जाता है और ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हो जाती है। जंगलों की आग ने पहले ही वातावरण में ब्लैक कार्बन की वृद्धि कर दी है और अब डीजल वाहन इसमें और अधिक वृद्धि करेंगे।

पिछले साल बदरीनाथ तक 2,69,578 वाहन व गंगोत्री तक 96,884 वाहन पहुंचे थे।इस साल 10 दिन में ही बदरीनाथ में 12,263 और गंगोत्री में 10,229 वाहन पहुंच गए। ये दोनों ही धाम गंगोत्री और सतोपंथ ग्लेशियर समूहों के क्षेत्र में हैं, जो कि तेजी से पिघलने के कारण अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय हैं। दोनों ही ग्लेशियर समूह गंगा की मुख्य धारा अलकनंदा व भागीरथी के उद्गम स्रोत हैं। यमुना का स्रोत यमुनोत्री ग्लेशियर है। इसी साल अप्रैल में जारी इसरो की रिपोर्ट के अनुसार, हिमालयी ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने के साथ ही ग्लेशियर झीलों की संख्या और आकार में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो आपदाओं की दृष्टि से गंभीर खतरे का संकेत भी है।

इसरो के मुताबिक, 676 झीलों में से 601 का आकार दोगुने से अधिक हो गया है, जबकि 10 झीलें 1.5 से दो गुना और 65 झीलें 1.5 गुना बढ़ी हैं। प्रख्यात ग्लेशियोलॉजिस्ट डॉ. डीपी डोभाल के अनुसार, लगभग 147 वर्ग किलोमीटर में फैले गंगोत्री ग्लेशियर के पीछे खिसकने की गति 20 से 22 मीटर प्रतिवर्ष है। पिछले एक दशक तक कांवड़िए हरिद्वार से ही गंगा जल भरकर लौट जाते थे, मगर अब वे जल भरने सीधे गोमुख जा रहे हैं। यही नहीं, गंगोत्री और गोमुख के बीच जेनरेटर भी लग गए हैं।

# टी-20 क्रिकेट में बदलाव की दरकार, भारत से हो शुरुआत

(विनोद पाठएक बेहद नीरस और उबाऊ फाइनल मुकाबले के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 16वां संस्करण समाप्त हो गया। बड़ा प्रश्न यह उठता है कि क्या आईपीएल के मौजूदा फॉर्मेट को जारी रखा जाना चाहिए क्योंकि क्रिकेट प्रेमियों की रुचि 20-20 ओवर के फॉर्मेट से कम होती जा रही है। मौजूदा आईपीएल टूर्नामेंट दो महीने से अधिक समय तक चला तो यह अपनी ओर बहुत अधिक लोगों को आकर्षित नहीं कर पाया। विगत चार से अधिक शताब्दियों से क्रिकेट ने कई बड़े बदलाव देखे हैं। टी-20 फॉर्मेट में बदलाव की शुरुआत अब भारत की भूमि से की जा सकती है। टी-20 क्रिकेट को करीब 21 साल हो चुके हैं। इसकी शुरुआत भी क्रिकेट की जन्मभूमि इंग्लैंड से हुई है। वहां 13 जून 2003 को पहला टी-20 मैच खेला गया था, जिसे भरपूर दर्शक मिले थे। धीरे-धीरे यह पूरे क्रिकेट जगत में फैल गया और वर्ष 2007 में टी-20 का वर्ल्ड कप खेल लिया गया, जो भारत ने जीता। अगले ही साल 2008 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल की शुरुआत कर दी। हालांकि, अब टी-10 क्रिकेट भी कई क्लब खेल रहे हैं।

### वनडे और टी-20 में बदलाव की जरूरत

आईपीएल को भी अपने 18वें संस्करण को और रोमांचकारी बनाने की जरूरत है। बीसीसीआई टी-20 को टी-12 में बदलकर नई राह दिखा सकता है। इस फॉर्मेट में 11-11 खिलाड़ी ही हों। एक बॉलर अधिकतम 3 ओवर फेंके। एक ओवर में तीन बाउंसर फेंकने की परमिशन हो। बाउंड्री को थोड़ा छोटा किया जाए। बाकी नियम यथावत रखे जाएं। इससे एक तो समय की बचत होगी, दूसरा एक दिन में दो से अधिक मैच कराए जा सकेंगे। क्रिकेट का रोमांच बढ़ेगा। वनडे क्रिकेट के फॉर्मेट में बदलाव का समय भी आ गया है। मौजूदा 50 ओवर के वनडे मैच को 30 ओवर तक सीमित किया जाना चाहिए। एक गेंदबाज अधिकतम 6 ओवर फेंके। रनआउट के एक नियम में बदलाव हो, जिसमें बल्लेबाज के शॉट मारने पर बॉल इत्तेफाक से गेंदबाज की उंगलियों या पैर को छूकर विकेट में लगती है और दूसरे छोर का बल्लेबाज आउट हो जाता है। यह नियम क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से बाहर किया जाए। क्रिकेट की जन्मभूमि इंग्लैंड है। वहां 450 या 1066 ईस्वी में क्रिकेट की शुरुआत हुई, लेकिन वयस्कों के क्रिकेट खेलने का पहला प्रमाण साल 1611 में मिलता है, तब इसे लड़कों के खेल के रूप में परिभाषित किया जाता था। हालांकि, क्रिकेट के नियम साल 1744 में आए। तब दोनों कप्तानों को दो अंपायर चुनने का अवसर मिला। स्टांप की ऊंचाई 22 इंच कर दी गई। स्टंप्स की बेल्स का साइज 6 इंच रखा गया। गेंद का वजन 5 से 6 औंस के बीच था। पिच को 22 गज रखा गया। उस समय बल्ले के आकार और रूप को लेकर कोई पाबंदी नहीं थी, लेकिन 30 साल बाद साल 1774 में बल्ले को सीधा कर दिया गया। बल्ले की चौड़ाई 4 इंच कर दी गई। एलबीडब्ल्यू का नियम लागू कर दिया गया। तभी तीन स्टांप की शुरुआत हुई और हवा में गेंद को लहराकर फेंकने का चलन शुरू हुआ।




### कभी 4 गेंदों का था एक ओवर

टेस्ट मैच क्रिकेट की शुरुआत साल 1877 में हुई। उस समय चार दिनों में मैच समाप्त हो जाता था और हर ओवर में चार गेंद होती थीं, साल 1889 में एक ओवर में 5 गेंदें कर दी गई, लेकिन साल 1990 में 6 गेंदों का ओवर होने लगा, जो अब तक चल रहा है। टेस्ट मैच को भी पांच दिन का कर दिया गया। 19वीं सदी में व्हाइड बॉल का नियम आया। गेंद का सटीक व्यास आया। हाथ के दस्ताने, हेलमेट का प्रयोग शुरू हुआ। बाउंड्री की शुरुआत हुई। ओवर आर्म बॉलिंग को जायज ठहराया गया।

### इत्तेफाक से शुरू हुआ वनडे क्रिकेट

वनडे क्रिकेट की शुरुआत इत्तेफाक से हुई। दरअसल, 5 जनवरी 1971 को ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में टेस्ट मैच खेला जा रहा था, लेकिन पहले तीन दिन बारिश के कारण खराब हो गए तो दोनों टीमों के बीच 40-40 ओवर का एक दिवसीय मैच खेलने का निर्णय लिया गया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से जीता। शुरुआत में 60-60 ओवर का वनडे हुआ। फिर इसे कभी 40, कभी 45 तो कभी 55 ओवर का रखा गया, लेकिन अंततः वनडे मैच को 50 ओवर का कर दिया गया, जो अब तक जारी है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पहला इंटरनेशनल क्रिकेट मैच साल 1844 में अमेरिका और कनाडा के बीच टोरंटो में खेला गया था, जिसे कनाडा ने जीता। साल 1862 में पहली बार इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर गई।

### भारत में क्रिकेट

भारत में क्रिकेट 18वीं सदी में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी लेकर आई। वर्ष 1792 में कोलकाता में क्रिकेट क्लब का निर्माण हुआ, तब से लेकर अब तक क्रिकेट भारत का मुख्य खेल बन चुका है। कभी यह अभिजात्य वर्ग का खेल था, लेकिन आज आम भारतीय का बच्चा भी क्रिकेट में नाम रोशन कर रहा है। वर्ल्ड क्रिकेट में भारत का सिक्का चलता है। हमारा क्रिकेट बोर्ड दुनिया में सबसे अमीर है और हमारी बात का वजन सबसे अधिक है। इसलिए क्रिकेट में और बदलावों की शुरुआत भारत से ही होनी चाहिए।

## वर्ग पहेली 5385

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | ■ | 9 | | |
| 10 | | ■ | 11 | | | ■ | |
| ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | |
| 17 | | 18 | ■ | 19 | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | 23 | 24 |
| ■ | 25 | | | ■ | ■ | 26 | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 8 जुलाई 1994 को शिमाकी मुकाई इस देश की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं (3)
4. इस राज्य का प्राचीन नाम प्रागज्योषिपुर है (3)
7. बलिष्ठ पुरुष, बलवीर (4)
9. गहन चिंतन करने का भाव (3)
10. गमन करना, प्रस्थान करना (2)
11. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
12. शक्तिवर्द्धन, संवर्धन, संपोषण (3)
13. रस्म, प्रथा, चलन, सामाजिक नियम (3)
15. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई जो दो कोस के बराबर होती थी (2)
16. निजका, निजी, स्वजनीय (3)
17. जिसका कोई रक्षक, मददगार या स्वामी हो (3)
19. कृत्रिम, बनावटी (2)
20. मुकाम, एड्रेस (2)
22. शरीर में मुंह से तेज हवा झटके से बाहर निकालना (3)
25. वह जो किसी के पक्ष में कानूनी रूप से समर्थक हो (3)
26. मस्तक, माथा, ललाट, माथा (3)

ऊपर से नीचे
1. जगह-जगह, यदा-कदा, जहां-तहां (3)
2. परपालना, परवरिश करना (6)
3. आकाश, अंबर, व्योम (2)
4. यह नाम सरोदवादन के साथ जुड़ा है (7)
5. पुत्र बेटा (अंग्रेजी)(2)
6. इच्छा होना, दिल में आना, वांछा करना (5)
8. स्राव, ठोस से तरलीभवन, विगलन (3)
14. बौद्ध मंदिर, शिखर, टीला, ढेर (2)
18. वह आघात जो प्रेमवश किसी के शरीर या पीठ आदि पर हथेली से धीरे-धीरे पहुंचाया जाए (3)
21. छोटा तालाब, अभिनय गति, प्राकृतिक जलाशय, संगीत से संबंधित एक शब्द (2)
23. परिषद, गोष्ठी, विधान परिषद, अंजुमन (2)
24. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा, कमल कुमुद आदि फूलों की लंबी व खोखली डंडी (2)

### वर्ग पहेली 5384 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हे | न्द्र | सिं | ह | धौ | नी | ■ |
| हा | ल | ■ | दू | र | ■ | लो | भ |
| न | न | सा | र | ■ | स | फ | र |
| ता | ■ | थी | ■ | ■ | त | र | ना |
| ■ | सु | ■ | शं | का | लु | ■ | ■ |
| अ | त | ल | ■ | म | ज | बू | र |
| गा | ■ | गा | ■ | चो | ■ | झ | ट |
| ध | र | म | वी | र | ■ | ना | ना |

# रुकी हुई रेल

**मुरादाबाद के मेरे एक मित्र अपने एक प्रिय भांजे की असमय मौत के बाद जाने कितने दिनों तक कॉपी में राम जी का नाम लिखकर उनसे शिकायत करते रहे। उनकी अटकी हुई घड़ी मेरे पास है। जाते-जाते पदम भाई ने पूछा कि फोटो ले लूं इस बार उसने हां बोली। पदम भाई ने उसकी कॉपी की फोटो खींची। फिर पूछा, क्या लिख रहे हो उसने बताया, पोअम लिख रहा हूं।**

(राहुल पाण्डेय)

पदम भाई पुराने मित्र हैं, दिल्ली में रहते हैं। दिल्ली की गरमी का तो सबको पता ही है कि कैसी पड़ रही है। इसी झुलसाती धूप में द्वारका कोर्ट जाते हुए अक्सर उन्हें एक अधेड़ युवक दिखता था। बीच डिवाइडर पर बैठा। न कोई ओट, ना कोई छांव। आता-जाता ट्रैफिक भी न देखता। पास एक कॉपी थी। उसी पर लिखता मिलता। कई दिनों तक तो पदम भाई ने उसे वॉच किया। कल गाड़ी रोकी। पूछा 'क्या लिखते रहते हो भाई' उसने मुंह तक ना उठाया। पूछा, कौन हो फिर चुप। फिर पूछा, 'जवाब नहीं देना चाहते' पहली बार उसने रिएक्शन दिया, वो भी ना में। अपनी कॉपी में वह कुछ अजीब सा लिख रहा था। एकबारगी पदम भाई को लगा कि शायद रामनाम लिख रहा होगा! राम जी का नाम मैंने लोगों को भक्ति में ही नहीं, शिकायत के लिए भी लिखते देखा है।

मुरादाबाद के मेरे एक मित्र अपने एक प्रिय भांजे की असमय मौत के बाद जाने कितने दिनों तक कॉपी में राम जी का नाम लिखकर उनसे शिकायत करते रहे। उनकी अटकी हुई घड़ी मेरे पास है। जाते-जाते पदम भाई ने पूछा कि फोटो ले लूं इस बार उसने हां बोली। पदम भाई ने उसकी कॉपी की फोटो खींची। फिर पूछा, क्या लिख रहे हो उसने बताया, पोअम लिख रहा हूं। वह फोटो दिखाकर पदम भाई ने चैलेंज किया कि पढ़कर दिखाओ। अब यह तो सब जानते ही हैं कि कविता कैसी भी हो, मैं पढ़ लेता हूं! पहले मैंने एआई को उस टास्क पर लगाया। नाम नहीं लूंगा, मगर सब की सब टांय-टांय फिस्स ही निकलीं। तपती धूप में जलते डिवाइडर पर बैठकर अनजानी तंद्रा में तराशे गए शब्दों को पढ़ना मशीन को अभी और सीखना होगा। खैर, मैंने डायरी का पन्ना ध्यान से पढ़ना शुरू किया। हैरानगी की हद यह कि एक-एक शब्द खूबसूरत। जैसे कैलिग्राफी की गई हो। लहरों को छोड़ दें तो लगभग सब पढ़ने में आ रहा था। लिखा था- 'ना मौत चले, ना जीवन की रेल। मीर बावला रेल हूं मैं।'

कविता में 90 फीसदी से अधिक दोहराव था, मगर मैंने पूरी पढ़ी। कवि पागल ही क्यों ना हो, पर कविता अपने पूरे पागलपन में भी कुछ कहकर या बताकर ही जाती है। इसीलिए कवि कितने भी खराब हों, पसंद किए जाते रहे हैं। डिवाइडर पर बैठे उस कवि की रेल एक जगह पर अटक चुकी है। मर नहीं पा रहे हैं, जी भी नहीं पा रहे हैं। इसलिए कविता में गाना गा रहे हैं। खामोश दुख में अटकी दास्तानें ऐसी ही होती हैं। डिवाइडर पर अटकी उस आदमी की जाने कब तक के लिए डीरेल हो चुकी रेल की तरह। जब-जब चलने को सीटी मारती है, कवि कॉपी में लिखता है- 'मर-मर जी-जी मौत जी रेला हूं। तू चल अपन भी आ रेला हूं..'। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन शुभ है और आज कारोबार में किसी प्रकार का भी रिस्क लेने से आपको लाभ होगा। अगर आप निवेश करने या फिर कहीं जमीन जायदाद का सौदा करने की सोच रहे हैं तो फिर बात को आगे बढ़ाएं। आपके मन में प्रसन्नता रहेगी।

### वृषभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके दूरदर्शी स्वभाव का आपको जबर्दस्त लाभ होगा। आजीविका के क्षेत्र में आपका अनुभव आज अच्छा होगा और आपको कुछ नया हासिल होगा।

### तुला
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आपके लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है और आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। आपके कार्यस्थल पर आपको कुछ धन का निवेश अधिक करना पड़ सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन करियर के मामले में सकारात्मक परिणाम देने वाला होगा। पहले लिए गए किसी निर्णय के परिणाम आपके हित में आ सकते हैं। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। चलते फिरते समय कुछ सावधानी जरूरी है।

### मिथुन
आज लाभ होगा और आपके ऑफिस के वातावरण में कुछ सुधार होगा। आपका काम करने का मन करेगा और सफलता प्राप्त होगी। आपका स्वास्थ्य भी बेहतर होता जाएगा। यदि आपका धन किसी योजना या सही इन्वेस्टमेन्ट पर खर्च हो रहा है।

### कर्क
आज का दिन करियर के मामले में परेशानी वाला हो सकता है। आज कोई रिस्क लेने की जरूरत है। आज आपको सामान्य रूप से और रूटीन के अनुसार काम करने पर सफलता प्राप्त होगी।

### धनु
आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने के शुभ योग बन रहे हैं। किसी विवाह योग्य सदस्य के लिए रिश्ते की बात आज हो सकती है। घर में आदर सत्कार से आपको लाभ होगा। साज सज्जा तथा साफ सफाई का भी ध्यान रखें तो आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा।

### मकर
आज मित्रों के साथ किसी कारण से तनाव हो सकता है। आपको जहां राहत मिलेगी वहां एक उपयोगी व्यक्ति भी आपको सही सलाह देगा। आज आपके जीवन में शुभ समाचार आएगा और आपके पूरे घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

### सिंह
आज आज आपका दिन काफी मेहनत से भरा होगा। आपको उसका फल भी मिलेगा। आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। इस वक्त आपके स्वास्थ्य और मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है।

### कन्या
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति होने से पुरानी योजनाएं फिर से आरंभ होंगी। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे काम पूरे करने की सोचें। कार्यक्रम में परिवर्तन करना ठीक नहीं होगा।

### कुंभ
आज का दिन मानसिक परेशानी और थकान वाला हो सकता है। बुरे लोगों की संगत से दूर रहें। आपको अपने मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है। आज आपको पैसों के मामले में किसी प्रकार का रिस्क लेने की जरूरत नहीं है।

### मीन
आज करियर के मामले में दिन काफी भागदौड़ वाला रहेगा। आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरुचि रहेगी। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-नेपाल को जोड़ने बन रहा एक और पुल, जून में होगा चालू

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अब नेपाल जाना होगा आसान क्योंकि उत्तराखंड में भारत-नेपाल सीमा पर एक बड़े पुल का निर्माण किया जा रहा है। नेपाल से भारत का 275 किलोमीटर का इंटनेशनल सीमा लगी हुई है। इस सीमा पर वाहनों के आने जाने के लिए सिर्फ एक ही रास्ता था। ये रास्ता चंपावत जिले के बनबसा में है, लेकिन अब पिथौरागढ़ से भी लोग नेपाल जा सकेंगे। उत्तराखंड का पिथौरागढ़ जिला नेपाल और चीन की सीमा से लगा हुआ है। यहां के सीमावर्ती इलाकों में भारत और नेपाल की मिलीजुली सभ्यता दिखाई देती है। सीमा पर रहने वाले लोग परस्पर एक-दूसरे देश पर निर्भर हैं, चाहे व्यापार हो या फिर रोटी या बेटी के संबंधदोनों देशों के नागरिक यहां बेरोकटोक आते जाते हैं। इस संबंध और मजबूत करने के लिए नेपाल से लगे उत्तराखंड के धारचुला शहर के छारछूम में काली नदी पर टू लेन मोटर पुल का निर्माण किया जा रहा है, जो तकरीबन पूरा होने वाला है। धारचूला में बन रहा यह पुल उत्तराखंड में दूसरा ऐसा पुल होगा, जहां से लोग अपने वाहनों से भी नेपाल जा सकेंगे और नेपाल के लोग भी यहां आ सकेंगे। इस पुल को पीडब्ल्यूडी बना रहा है, जिसके एक्जीक्यूटिव इंजीनियर एबी कांडपाल ने बताया कि यह स्पैन पुल 110 मीटर लंबा है, जिसकी लागत करीब 34 करोड़ रुपये है, उन्होंने बताया कि इस साल जून तक पुल का काम पूरा हो जाएगा, जिसके बाद भारत-नेपाल के लोग यहां से आवाजाही कर सकेंगे। अब इस पुल के बनने से दोनों देशों के लोग अपने वाहनों से भी आवाजाही कर सकेंगे। पुल बनने से पर्यटन, व्यवसाय और संबंधों में और मजबूती होने की उम्मीदें है।

### मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे, मुंबई आने वाली ट्रेनें बाधित

**मुंबई, एजेंसी।** झमुंबई से सटे पालघर रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के 5-6 डिब्बे पटरी से उतर गए. इससे पश्चिम रेलवे मार्ग पर मुंबई की ओर आने वाला यातायात बाधित हो गया है. बताया गया है कि इस मालगाड़ी से ले जाए जा रहे लोहे के रोल पटरी पर गिर गए। इससे रेलवे लाइन पर ट्रैक नंबर एक और दो प्रभावित हुआ है. रेलवे प्रशासन ने मालगाड़ी के डिब्बों को खाली कराने का काम शुरू कर दिया है. इस घटना से मुंबई आने वाली ट्रेनें कुछ समय के लिए बंद रहने की संभावना है। यह हादसा पश्चिमी रेलवे लाइन पर तब हुआ जब मालगाड़ी गुजरात से मुंबई आ रही थी. हादसे से रेलवे को काफी नुकसान हुआ। रेलवे ट्रैक के पास लगा बिजली का खंभा भी गिर गया है. मालगाड़ी से ले जाया जा रहा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है. उधर हादसे के बाद रेलवे स्टेशन के यात्री तुरंत मौके पर पहुंचे. अब मुंबई की ओर आने वाला ट्रैफिक कब तक सामान्य स्थिति में आएगा, इस पर सबकी नजरें हैं।

### चार जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन बनाएगा सरकार : शशि थरूर

**शिमला, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 4 जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। देश की जनता इस बार बदलाव के मूड में है। शशि थरूर ने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में देश की जनता से कई वादे किए थे, लेकिन, आज तक एक भी वादा पूरा नहीं कर पाए हैं। दो करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने का वादा किया था, आज देश में बेरोजगारी और महंगाई अपने चरम पर है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। आज किसान अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। भाजपा मुद्दों की बात नहीं करती बल्कि देश को धर्म-जाति के नाम पर बांटने का काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आते ही देश की जनता को सामाजिक न्याय देगी। कांग्रेस ने 5 न्याय और 25 गारंटी मेनिफेस्टो में दी है, उसे पूरा किया जाएगा। हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय और श्रमिक न्याय के साथ 25 गारंटियां दी गई हैं। जिसे पूरा कर देश की जनता को समृद्ध और सशक्त किया जाएगा। थरूर ने कहा कि इस बार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बहुत आगे निकल गया है। इस बार हरियाणा में 5-7 सीटें, राजस्थान में 10-12 सीटें, कर्नाटक में 12-15 सीटें, केरल 15-17 सीटें, तेलंगाना में 10-12 सीटें कांग्रेस को मिलने जा रही है। जबकि, भाजपा पिछले बहुमत से बहुत नीचे जा रही है। इंडिया गठबंधन बिहार में तेजस्वी यादव के साथ आगे बढ़ रहा है। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन को अच्छी सीटें मिलने जा रही है। थरूर ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही यूएपीए कानून में संशोधन किया जाएगा। बिना अपराध के जनता को जेल के अंदर भेजा जाता है, जिससे लोगों को समय पर न्याय नहीं मिलता है। दूसरी तरफ भीमराव अंबेडकर के संविधान को खतरे में डाला जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जो कांग्रेस के मेनिफेस्टो में नहीं लिखा है, वह भी पीएम मोदी बोलते हैं। पीएम मोदी ओबीसी आरक्षण पर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।

### भीषण गर्मी में यूरिन इन्फेक्शन और गुर्दे की पथरी के बढ़ रहे मामले

**पुणे, एजेंसी।** भीषण गर्मी में केवल डीहाईड्रेशन की समस्या नहीं होती, बल्कि यूरिन इन्फेक्शन और गुर्दे की पथरी जैसी समस्याओं में भी वृद्धि होती है। यूरिनरी ट्रैक्ट पथरी में खनिज और एसिड लवण के छोटे कठोर जमाव होते हैं जो पेशाब के गाढ़ा होने पर बनते हैं। डॉक्टरों ने इस स्थिति से बचने के लिए पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। ऐसे में बॉडी को हाइड्रेट रखना महत्वपूर्ण है। यूरोलॉजिस्ट के मुताबिक गर्मियों में पेशाब में पथरी की समस्या बढ़ने की संभावना रहती है। यह समस्या तब होती है जब गर्मी के कारण शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है। हर दिन 2 से 3 मरीज पेट दर्द की शिकायत लेकर इलाज के लिए आते हैं।

# यूपी लोकसभा चुनाव : अखिरी चरण में सलेमपुर में भाजपा के सामने हैट्रिक बनाने की चुनौती

**सलेमपुर, एजेंसी।** यूपी में लोकसभा चुनाव के अन्तिम चरण की सलेमपुर लोकसभा सीट पर जीत के लिए भाजपा को पूरे 64 साल लग गए। भाजपा इस सीट पर पहली बार 2014 के मोदी लहर में जीती थी, जिस उसने 2019 के संसदीय चुनाव में बरकरार रखा। इस बार उसके सामने इस सीट पर हैट्रिक लगाने की चुनौती है। इस संसदीय सीट पर 1971 के लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस का अनवरत कब्जा रहा। इसके बाद 1977 के चुनाव में यहां से जनता पार्टी विजयी हुई। इसके बाद हुए 1980 एवं 1984 के दो चुनावों में कांग्रेस ने फिर से अपनी जीत दर्ज की लेकिन उसके बाद कांग्रेस के लिए इस लोकसभा क्षेत्र पर जीत के लाले पड़ गए। 1989 से इस सीट पर कभी जनता दल तो कभी सपा। कभी समता पार्टी तो कभी बसपा का कब्जा होता रहा है।

2014 में पहली बार भाजपा का इस सीट पर खाता खुला और पार्टी ने 2019 में भी इस संसदीय क्षेत्र पर अपना कब्जा बरकार रखा। सलेमपुर संसदीय क्षेत्र का चुनावी इतिहास देखें तो आजादी के बाद हुए पहले चुनाव से 1971 में हुए लोकसभा चुनाव तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 1951 एवं 1957 में इस सीट से कांग्रेस के विश्वनाथ राय सांसद बने जबकि 1962 एवं 1967 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के ही विश्वनाथ पाण्डे विजयी हुए। इसके बाद 1971 के आम



चुनाव में भी कांग्रेस उम्मीदवार तारकेश्वर पाण्डे ने जीत दर्ज की।

**40 सालों से इस सीट पर जीत नहीं सकी है कांग्रेस :** आपातकाल के बाद देश में 1977 में आम चुनाव हुए, जिसमें इस निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विपक्षी प्रत्याशी जनता पार्टी के राम नरेश कुशवाहा ने जीत दर्ज की लेकिन यह जीत अगले चुनाव में विपक्ष बरकरार नहीं रख सका। 1980 के चुनाव में फिर से कांग्रेस ने इस संसदीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस के राम नगीना मिश्र इस सीट से चुनाव जीत गए। श्री मिश्र ने इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में भी अपनी जीत को बरकरार रखा।

इसके बाद अब तक कांग्रेस इस सीट पर जीत को तरस रही है क्योंकि 1984 के बाद यह सीट हमेशा विपक्ष के पास रही है। वर्ष 1989 और 1991 में यहाँ से जनतादल विजय रहा था। दोनों ही चुनाव में जद के हरिकेवल प्रसाद यहां से विजयी हुए थे। वर्ष 1996 में यह सीट समाजवादी पार्टी के पास चली गई। सपा के हरिवंश सहाय यहां से जीत गए लेकिन इसके बाद 1998 में हुए अगले संसदीय चुनाव में समता पार्टी यहां से विजयी हुई।

समता पार्टी के हरिकेवल यहां से जीते लेकिन तत्काल बाद 1999 में हुए चुनाव में बसपा ने सलेमपुर सीट पर कब्जा कर लिया। बसपा के बब्बन राजभर यहां से चुनाव जीते। 2004 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के हरिकेवल प्रसाद यहां से जीते जबकि 2009 के आम चुनाव में इस सीट पर बसपा के रमाशंकर राजभर विजयी हुए। भाजपा के खाते में यह सीट 2014 में यानि 64 साल बाद आई। भाजपा के रविन्द्र कुशवाहा ने यहां से जीत दर्ज की और उसके बाद 2019 में हुए चुनाव में भी अपनी यह जीत बरकरार रखी। उस चुनाव में रविन्द्र कुशवाहा ने सपा-बसपा के संयुक्त प्रत्याशी आरएस कुशवाहा को 1,12,615 मतों से पराजित किया था। उस चुनाव में कांग्रेस को मात्र 2.96 प्रतिशत वोट ही हासिल हो सके थे।

**भाजपा के सामने जीत बरकरार रखने की चुनौती :** 2014 के बाद 2019 में भी जीत दर्ज कराने के बाद अब भाजपा के रविन्द्र कुशवाहा के सामने जीत बरकरार रखने और हैट्रिक लगाने की बड़ी चुनौती है। 2024 के इस चुनाव में रविन्द्र कुशवाहा के सामने सपा से रामशंकर राजभर ,बसपा से भीम राजभर प्रमुख उम्मीदवार है। चूंकि सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र कुर्मी और राजभर बाहुल्य है लिहाजा इस बार सभी के लिए संघर्ष कड़ा है।

**सलेमपुर सीट के तहत आते हैं दो जिलों के पांच विधानसभा क्षेत्र :** यह लोकसभा क्षेत्र बलिया और देवरिया जिले को काटकर बनाया गया है। इसमें बलिया के तीन तथा देवरिया की दो विधानसभा सीटें आती हैं। इस प्रकार से इस सीट के तहत पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। बांसडीह, सिकंदरपुर तथा बेल्थरा रोड बलिया में है जबकि सलेमपुर एवं भांटपाररानी देवरिया जिले में है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इनमें से तीन भाजपा एवं शेष दो पर अलग-अलग सपा तथा सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी विजयी रही थी।

## मासूम से किया था दुष्कर्मः पॉक्सो कोर्ट ने पहली बार सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**देहरादून, एजेंसी।** झ देहरादून की पॉक्सो कोर्ट ने एक मासूम के साथ हुई दरिंदगी को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। संभवतः ये पहला मौका है जब किसी पॉक्सो अदालत ने दरिंदे को आजीवन कारावास की सुजाई सुनाई हो। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अपर जिला जज अर्चना सागर की अदालत ने छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। देहरादून में यह पहला मामला है, जब पॉक्सो कोर्ट में किसी दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

सजा के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि दोषी ने 12 साल से कम आयु की बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसे गंभीर स्थिति तक पहुंचा दिया। इन परिस्थितियों में पीड़ित को पांच लाख रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया जाना न्यायोचित है। वहीं, मामले को गंभीर मानते हुए अदालत ने दोषी को दुष्कर्म, उसकी जान को जोखिम में डालने की धाराओं के तहत उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।राज्य की ओर से नियुक्त सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अल्पना थापा के अनुसार, एक व्यक्ति ने मसूरी कोतवाली में तहरीर दी थी कि दो मार्च 2021 को वह मजदूरी करके शाम साढ़े छह बजे घर आया तो पत्नी ने बताया कि उनकी छह साल की बच्ची के साथ मदन शाही निवासी नेपाल ने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची के काफी रक्तस्राव हुआ, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस मामले में आरोपित के खिलाफ मसूरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

अदालत के समक्ष दिए बयान में पीड़िता की मां ने बताया कि वह भी मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं। दो मार्च 2021 को उनके पति काम पर गए थे। इसी दौरान उनकी बेटी को आरोपित अपने कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़िता को लगातार रक्तस्राव हो रहा था। इसके बाद आरोपित खुद ही बच्ची को मसूरी के सिविल अस्पताल ले गया और बताया कि वह गिर गई थी, जिसके कारण उसे चोट आई है।बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे देहरादून के निजी अस्पताल में रेफर किया गया। इमरजेंसी में चेकअप के बाद उसे आइसीयू में भर्ती किया गया।

## तालिबान शासन नहीं, देश में रामभक्त राज करेंगे- योगी आदित्यनाथ

**पटना साहिब, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में प्रचार के लिए बिहार दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। योगी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पर्सनल लॉ की आजादी का वादा किया है, वे देश में तालिबानी शासन लाना चाहते हैं। मगर देश की जनता ने तय कर लिया है कि दिल्ली पर रामभक्त ही राज करेंगे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पटना साहिब और आरा लोकसभा सीट पर मंगलवार को लगातार तीन रैलियां कीं। इस दौरान उन्होंने पटना साहिब से बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद और आरा से आरके सिंह के समर्थन में वोट मांगे। योगी ने कहा कि इस चुनाव में उन्हें चौथी बार बिहार आने का मौका मिला। वे बिहार में जहां भी गए, लोगों ने उनसे कहा कि जो राम को लाए हैं, पटना के फतुहा में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग पर्सनल लॉ की बात करते हैं। रविशंकर प्रसाद जब कानून मंत्री थे तब उन्होंने ट्रिपल तलाक कानून बनाया, अब विपक्ष उसे खत्म करना चाहता है। विपक्षी गठबंधन तालिबानी शासन को बढ़ावा देना चाहता है, जिसमें महिलाओं को स्कूल, कॉलेज और ऑफिस जाने की आजादी नहीं होगी। उन्हें हमेशा बुर्का पहनना पड़ेगा। उन्होंने मंदिर कार्ड खेलते हुए कहा कि रामभक्तों ने मथुरा में भगवान कृष्ण का भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिया है। कांग्रेस और बिहार में उसकी साथी आरजेडी यह काम कभी नहीं कर सकती, क्योंकि उन्हें वोट चाहिए।

# नाबालिग के पिता ने सैंपल बदलवाने को डॉक्टर को 14 बार किया फोन, पुणे पोर्श कांड में पुलिस का नया खुलासा

**पुणे , एजेंसी।** पुणे के बहुचर्चित पोर्श कांड में सोमवार को सासून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टरों और अस्पताल के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की तैयारी रही है। गिरफ्तारी के अगले दिन पुलिस ने कहा कि अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ अजय तावरे ने नाबालिग के सैंपल संग्रह के दौरान करीब दो घंटों में नाबालिग के पिता के साथ 14 बार फोन पर बात किया था। आपको बता दें कि दोनों डॉक्टरों को ब्लड सैंपल बदलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने रिमांड की मांग करते हुए कोर्ट को इसकी जानकारी दी है।

पुलिस ने एक स्थानीय अदालत को बताया कि उन्हें पता चला है कि आरोपियों ने नाबालिग के ब्लड सैंपल को बदलने के लिए रिश्वत ली थी। पुलिस जांच के अनुसार, नाबालिग के नमूने को कूड़ेदान में फेंक दिया गया था। शराब की मौजूदगी का पता लगाने के लिए उसकी जगह किसी अन्य व्यक्ति के रक्त के नमूने को जांच के लिए भेजा गया था। पुलिस ने डॉ तावरे के साथ-साथ कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर डॉ श्रीहरि हल्नोर और अस्पताल के मुर्दाघर में काम करने वाले अतुल घाटकांबले के परिसरों की तलाशी ली। उन्होंने डॉ. हलनोर से 2.5 लाख रुपये और घाटकांबले से 50,000 रुपये बरामद किए।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷जांच का मुख्य फोकस अब डॉ. तावरे के वित्तीय लेन-देन पर है। उन्हें कितना पैसा मिला या कितने का





वादा किया गया था। किसने पैसे देने की बात कही थी। इसकी जांच की जा रही है। हमारी जांच में पता चला है कि सैंपल बदलने और जांच में छेड़छाड़ करने का विचार डॉ. तावरे का था।÷ आपको बता दें कि मंगलवार की शाम को पुलिस ने पुणे कैंप इलाके में डॉ. तावरे के आवास पर और तलाशी ली।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷नाबालिग का ब्लड सैंपल 19 मई को सुबह 11 बजे के आसपास ससून अस्पताल में एकत्र किया गया था। कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण से पता चलता है कि उससे दो घंटे पहले डॉ. तावरे और नाबालिग के पिता के बीच फोन पर करीब 14 बार बात हुई। ये कॉल व्हाट्सएप, फेसटाइम और सेलुलर कनेक्शन पर भी किए गए थे। हम इस बात का भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर किसने डॉक्टर और नाबालिग आरोपी के पिता के बीच मध्यस्थता की थी। आपको बता दें कि ब्लड सैंपल के बारे में तब पता चला जब पुलिस ने औंध के जिला अस्पताल में नाबालिग से दूसरी बार सैंपल एकत्र किया था। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि ससून अस्पताल के सैंपल के साथ छेड़छाड़ की कोशिश हो सकती है। दोनों सैंपल 20 मई को फोरेंसिक टीम को भेजे गए थे।

## नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजयी होने वाली है : अनिल विज

**चण्डीगढ, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजयी होने वाली है और नरेन्द्र मोदी ''इस बार 400 पार'' के नारे के अंतर्गत आसानी से 400 सांसदों के साथ प्रधानमंत्री बनेंगें। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है और डंके की चोट पर हम हरियाणा में भी तीसरी बार सरकार बनाएंगें। विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कांग्रेस के विजयी होने के ब्यान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अपने कार्यकर्ताओं का हौसला बनाए रखने के लिए कई नेता झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने भूपेन्द्र सिंह हुडडा पर तंज कसते हुए कहा कि इस बारे में 4 जून को पता चल जाएगा और ज्यादा इंतजार भी नहीं हैं लेकिन 4 जून को आपने (भूपेन्द्र सिंह हुडडा) कहां जाकर छुप ना यह आप (हुड्डा) देख लों। पोलिंग कम होने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पोलिंग में अभी बैलेट पोलिंग भी जुडनी है और उसके बाद ही पता चलेगा। लेकिन मेरा मानना है कि मौसम अर्थात गर्मी भी पोलिंग कम होने का



कारण रही है। आने वाले विधानसभा चुनावों को सेमीफाइनल मान लिया जाए, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनावों का फर्क पड़ता है और चुनावों में पॉजिटिव और नेगेटिव असर पडता है और पोजिटिव व नेगेटिव मार्किंग भी होती है। लोग कांग्रेस को पूरी तरह से नकार चुके है गठबंधन के नेताओं के ब्यान कि मोदी जी जाने वाले हैं और गठबंधन सरकार बनाएगा, के संबंध में उन्होंने कहा कि दिल को बहलाने के लिए ये ख्याल अच्छा है। उन्होंने कहा कि लोग कांग्रेस को पूरी तरह से नकार चुके हैं और कांग्रेस किसी के गले पर नहीं उतरती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले अमेठी से लड़ते थे और वहां से भागकर वायनाड चले गए और अब वायनाड के साथ-साथ रायबरेली से भी लड रहे हैं इसका मतलब वह चुनाव में अपने आपको सुरक्षित नहीं समझ रहे हैं और उन्हें विश्वास नहीं हैं कि वे वायनाड से जीतेंगें। उन्होंने राहुल गांधी से प्रश्न करते हुए कहा कि वे अपना बताएं कि वे दोनों जगह से चुनाव जीतेंगे, अगर दोनों जगह से जीतेंगे तो कौन सी सीट छोड़ेंगे क्योंकि लोग जानना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी अमेठी से भागे, वायनाड से भागे और इस बार वे देष से भागने वाले हैं। विज का कांग्रेस पर कटाक्ष- ''न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी'' राहुल गांधी के अग्निवीर के संबंध में दिए गए ब्यान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि वे (राहुल गांधी) इस चुनाव में बहुत कुछ नहीं कर सकते और कुछ करने के लिए कम से कम 272 सांसद चाहिए। अगर पिछले चुनावों को देखा जाए तो इनके 50 से नीचे सांसद रहे हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर इनके सहयोगी दलों के हस्ताक्षर नहीं हैं और इन्होंने कोई भी मिनिमम कार्यक्रम नहीं बनाया है।

## सख्त हुआ दिल्ली हाई कोर्ट, कहा- दिव्यांगों को आरक्षण से मना नहीं कर सकते निजी संस्थान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिव्यांगों के हित में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि कोई भी निजी शैक्षणिक संस्थान दिव्यांगों को आरक्षण से वंचित नहीं कर सकता है। सभी निजी संस्थान दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016 के दायरे में आते हैं। न्यायमूर्ति सी हरीशंकर की पीठ ने गुरु गोविंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) को निर्देश दिया है कि बौद्धिक मंदता से पीड़ित छात्र को दिव्यांगता आरक्षण के तहत दाखिला दिया जाए। छात्र ने बीए-एलएलबी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन किया था, लेकिन आईपीयू ने कई कारण बताते हुए छात्र को दाखिला देने से इनकार कर दिया था। विश्वविद्यालय ने छात्र के दिव्यांगता प्रमाणपत्र पर सवाल खड़ा किया था। पीठ ने इस पर विश्वविद्यालय को कहा है कि वह अपीलीय प्राधिकरण की तरह काम नहीं कर सकता। छात्र का दिव्यांगता प्रमाणपत्र डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर हॉस्पिटल द्वारा जारी किया गया है। इस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। छात्र का 12 साल सात महीने की उम्र में मानसिक परीक्षण मनोचिकित्सक से कराया गया था। मनोचिकित्सक ने छात्र को हल्की मानसिक मंदता का शिकार बताया था। इसके बाद छात्र का मानसिक मंदता का प्रमाणपत्र जारी किया गया था। इसके बाद पीड़ित ने अपने पिता के माध्यम से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। विश्वविद्यालय का कहना था कि छात्र की तरफ से पहले कमजोर आय





निजी वर्ग के तहत दाखिले के लिए आवेदन किया गया था। बाद में इसे बदलकर दिव्यांगता आरक्षण श्रेणी के तहत आवेदन किया किया। हाईकोर्ट ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि छात्र बौद्धिक मंदता का शिकार है। इस लिहाज से वह दिव्यांगता आरक्षण के तहत दाखिले का आवेदन करने का हकदार है। पीठ ने कहा कि आईपीयू छात्र को वह तमाम लाभ दे, जो दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम- 2016 उसे मिलने चाहिए। दिव्यांग के पिता ने याचिका में कहा कि याचिकाकर्ता ने अपने बौद्धिक रूप से मंद बेटे को पांच वर्षीय बीए-एलएलबी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन किया था, लेकिन विश्वविद्यालय ने संस्थान के स्व-पोषित होने का हवाला देते हुए दिव्यांग श्रेणी में दाखिला देने से इनकार कर दिया था।

## हिमाचल में भी धधके जंगल, शिमला बालिका आश्रम तक पहुंची आग, कड़ी मशक्कत के बाद काबू

**शिमला, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच राजधानी शिमला के जंगल धधक रहे हैं। शहर के जंगलों से आग की लपटों और धूएं के गुब्बार यहां घूमने आए पर्यटकों को भी डरा रहे है। शहर के जंगलों में बेकाबू हुई आग मंगलवार दोपहर टुटीकंडी बालिका आश्रम तक पहुंच गई। आश्रम के पास जंगल में आग की लपटें उठ रही थीं तो आश्रम का परिसर भी धुएं से भर गए। धुआं और आग की लपटें यहां रह रहे बच्चे सहम गए। आश्रम तक जंगल की आग पहुंचने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और दमकल वाहनों की मदद से आग को बुझाया गया। उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने टूटीकंडी बालिका आश्रम के समीप जंगल में लगी आग का मौके पर जा कर जायजा लिया। उपायुक्त ने बालिका आश्रम का भी दौरा कर बच्चियों से मुलाक़ात की और उनका कुशल क्षेम जाना। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से आग पर समय रहते काबू पाया गया और किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान को रोका गया। उपायुक्त ने क्षेत्र के तंग रास्तों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्वयं आश्रम पहुंच कर अग्निशमन वाहन के पहुँचने के लिए रास्ता खाली करवाया ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। उपायुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला को डॉक्टर की टीम भेज कर आश्रम में रह रही सभी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच करने के



निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, आश्रम के समीप अधिक धुआं होने की स्थिति में उन्होंने निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग से चर्चा उपरांत बच्चियों को दूसरे स्थान पर भेजने का विकल्प तैयार करने के भी निर्देश दिए ताकि बालिकाओं के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर न पड़े। उपायुक्त अमित कश्यप ने कहा कि आजकल गर्मी के मौसम में जंगल क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं आए दिन देखने को मिल रही हैं जिससे न केवल वन सम्पदा को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि आस पास रह रहे लोगों के घरों और जान-माल को खतरा रहता है। उन्होंने लोगों से अपने वाहनों को तंग रास्तों से दूर और आगजनी संभावित क्षेत्रों से दूर रखने का आग्रह किया ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना को रोका जा सके। उपायुक्त ने लोगों से जंगल और आस-पास के क्षेत्र में ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग न करने का भी आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आगजनी की घटना होने की स्थिति में मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर आग बुझाने में अग्निशमन तथा वन विभाग के कर्मचारियों का सहयोग करने का आग्रह किया। चीड़ के वृक्ष आग की घटनाओं के लिए अति संवेदनशील है। उपायुक्त ने आग्रह किया कि जंगल में धुंआ या आग की जानकारी मिलने पर निकटतम वन विभाग कार्यालय या आपातकालीन सेवाओं के टोल-फ्री नंबर-1077 और 1070 पर सूचना अवश्य दें। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण बनने वाली गतिविधियों मुख्यतः वन क्षेत्रों में जलती हुई सिगरेट फेंकना, प्रतिबंधित क्षेत्रों में कैंप फायर करना या जंगलों के पास आतिशबाजी इत्यादि है जो जंगल क्षेत्र में बिल्कुल नहीं की जानी चाहिए। उपायुक्त अमित कश्यप ने कहा कि आमजन को वनों की आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों और अग्निशमन के प्रयासों में सहयोग करना चाहिए।

मोहम्मद कैफ ने बताया

# इस बार विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए क्यों जीतना जरूरी है टी-20 वर्ल्डकप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं. भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट का सबसे पहला खिताब अपने नाम किया था और इसके बाद से अब तक वह इस फॉर्मेट का दूसरा वर्ल्ड कप खिताब नहीं जीत पाई है. साल 2014 में भारत के पास दूसरा खिताब जीतने का मौका आया था, लेकिन वहां वह फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार गया. इस बीच टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ को भरोसा है कि इस बार भारतीय टीम यह खिताब जरूर अपने नाम करेगी और इस टूर्नामेंट में सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली भारत के लिए तुरुप का इक्का साबित होंगे.

कैफ ने कहा कि यह दोनों खिलाड़ी बखूबी जानते हैं कि इस बार यह टूर्नामेंट उनके टी20 करियर का आखिरी वर्ल्ड कप साबित हो सकता है. ऐसे में वह खिताब जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इन दोनों खिलाड़ियों पर यूटर्न लिया है. इस साल की शुरुआत से पहले ये दोनों बल्लेबाज इस फॉर्मेट में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं बन रहे थे.

भारतीय टीम जब पिछली बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई. इसके बाद चयनकर्ताओं ने इस फॉर्मेट में युवा खिलाड़ियों के दम पर खुद का आजमाना शुरू कर दिया था. लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों की वनडे वर्ल्ड कप में बेहतरीन फॉर्म देखकर चयनकर्ताओं ने क्रिकेट के इस सबसे छोटे फॉर्मेट में उन्हें एक बार फिर वापसी का मौका दिया और जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में उतारा.

इसके बाद अब रोहित शर्मा के नेतृत्व में टी20 वर्ल्ड कप टीम उतारी है. ऐसे में पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ को इन दोनों बल्लेबाजों से इस वर्ल्ड कप में कमाल करने की उम्मीद है.

कैफ टी20 वर्ल्ड कप के प्रसारणकर्ता चैनल स्टार स्पोर्ट्स पर एक खास चर्चा में शामिल थे. उन्होंने इस मौके पर कहा, 'रोहित शर्मा यह बखूबी जानते हैं कि वह अब बहुत लंबा नहीं खेलने वाले हैं. ज्यादा से ज्यादा 2 या 3 साल और. यही विराट कोहली के भी साथा है.'

उन्होंने कहा, 'तो रोहित और विराट के लिए यह आखिरी मौका है. वे अहमदाबाद में वर्ल्ड कप फाइनल हार गए थे. वे ऐसा खेले थे जैसे उनका कप छीन लिया गया हो तब सभी के दिल टूट गए थे और फैन्स भी निराश थे.' कैफ ने आगे कहा, 'भारत इस वर्ल्ड कप में आसान ग्रुप में है और उसके सामने कोई बड़ी चुनौती है नहीं. तो ऐसे में उनके सामने सिर्फ 2 मुख्य मैच हैं- सेमीफाइनल और फाइनल. तो क्या आप उन दो दिनों के लिए तैयार हैं? यही रोहित शर्मा के लिए बड़ा टेस्ट है.'

# गंभीर का टीम इंडिया का हेड कोच बनना लगभग तय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमवार (27 मई) को कोच पद के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। संभावना जताई जा रही है कि गंभीर ने इस पद के लिए आवेदन कर दिया है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राहुल द्रविड़ फिलहाल टीम इंडिया के हेड कोच हैं। उनका कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा।

### गंभीर की मेंटरशिप में केकेआर चैंपियन बनी

कोलकाता की टीम आईपीएल 2024 की चैंपियन बनी। गंभीर इस सीजन कोलकाता के मेंटर की भूमिका में थे। रविवार को खेले गए फाइनल मैच के बाद गंभीर जय शाह से मिलने पहुंचे, जिससे उनके भारत के हेड कोच बनने की अटकलें तेज हो गईं थीं।

### गंभीर ने बतौर प्लेयर 2 वर्ल्ड कप और कप्तानी में आईपीएल जीते, कोचिंग का अनुभव नहीं



42 साल के गंभीर को इंटरनेशनल या डोमेस्टिक लेवल पर कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है। वे दो आईपीएल फ्रेंचाइजी में कोचिंग स्टाफ के इंचार्ज रहे हैं। आईपीएल 2022 और 2023 में वे लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर थे। वहीं। 2024 सीजन में केकेआर के साथ जुड़े। गंभीर ने एलएलजी में रहते पहले दोनों सीजन में टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। वहीं, इस सीजन केकेआर खिताब जीत चुकी है। गंभीर बतौर खिलाड़ी 2007 में भारत की टी-20 वर्ल्ड कप और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

उन्होंने 2011 से 2017 तक सात आईपीएल सीजन के लिए चयक्रकी कप्तानी की। उन्होंने पांच बार प्लेऑफ के लिए भी क्वालिफाई किया। बतौर कप्तान उन्होंने साल 2012 और 2014 में दो खिताब जीते।

### 2021 में हेड कोच बने थे द्रविड़

बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में भारत का हेड कोच बनाया गया। तब टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप में टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था, लेकिन टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने के कारण उनका कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप तक बढ़ा दिया गया। द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया की एकमात्र कामयाबी 2023 में एशिया कप के रूप में आई। भारत ने मेजबान श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था।

टी20 विश्व कप

# सचिन तेंदुलकर के भारत-पाक मैच में मौजूद रहने की संभावना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट टीम को एक बहुत ही खास व्यक्ति का समर्थन मिलेगा, क्योंकि दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 9 जून को न्यूयॉर्क में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के मैच के दौरान मौजूद रहने की उम्मीद है। आईसीसी के साथ मिलकर काम करने वाले एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, हां, अगर सब कुछ ठीक रहा, तो सचिन न्यूयॉर्क में मैच देखेंगे और भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करेंगे। यह अभी भी ज्ञात नहीं है कि वह खेल से पहले खिलाड़ियों से मिलेंगे या नहीं, लेकिन स्टैंड में उनकी मौजूदगी रोहित शर्मा और उनकी टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी, जो कि सबसे महत्वपूर्ण ग्रुप लीग मैच होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक के सबसे महान भारतीय क्रिकेटर तेंदुलकर अभी भी टेस्ट और वनडे क्रिकेट दोनों में रन बनाने के मामले में शीर्ष पर हैं। उन्होंने 1992 से 2011 के बीच छह 50 ओवर के विश्व कप खेले हैं।

टी-20 वर्ल्डकप 2024

## वार्मअप मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दिखाई क्लास



**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के वॉर्मअप मैचों की शुरुआत हो गई है। त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल पर ऑस्ट्रेलिया की टीम अपना पहला वार्मअप मैच खेलने उतरी। टूर्नामेंट के इस छठे वॉर्मअप मैच में मिचेल की टीम के सामने नामीबिया की चुनौती थी। 2021 की वर्ल्ड कप विजेता ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में दिखा दिया की क्यों उसे इस बार प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया वनडे और टेस्ट में अभी वर्ल्ड चैंपियन है। नामीबिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से जीत मिली।

### लय में दिखे ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज

ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आईपीएल में नहीं खेलने वाले जोश हेडलवुड ने दूसरी ही गेंद पर ओपनर माइकल वान लिंगन को आउट कर दिया। उन्होंने ओवर में एक भी रन नहीं दिया। उन्होंने अपने स्पेल के पहले तीन ओवर मेडन डाले और इसमें दो विकेट लिए। हेजलवुड का स्पेल खत्म होने के बाद एडम जम्पा आ गए। उन्होंने भी बल्लेबाजों को बांधकर रखा।

20 ओवर में नामीबिया की टीम 9 विकेट पर 119 रन ही बना सकी। पार्ट टाइम स्पिनर टिम डेविड को 4 ओवर में 39 रन पड़े। हेजलवुड ने 4 ओवर में 5 रन देकर 2 विकेट लिए। जम्पा ने चार ओवर में 3 विकेट झटके। नामीबिया की बात करें तो विकेटकीपर बल्लेबाज जान ग्रीन ने 30 गेंदों पर 38 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली।

### 10 ओवर में चेज कर लिया टारगेट

ऑस्ट्रेलिया के सलमी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने आते ही गेंदबाजों की कुटाई शुरू कर दी। पावरप्ले के बाद ही टीम का स्कोर 61 रन हो गया था। मिचेल मार्श 14 गेंद पर 18 जबकि जोश इंग्लिश 4 गेंद पर 5 रन बनाकर आउट हुए। टिम डेविड ने 16 गेंद पर 3 चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन बनाए। वही वॉर्नर ने अटैक जारी रखा।

10वें ओवर में छक्का मारकर उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। फिर अगली गेंद पर चौका जड़कर टीम को जीत दिला दी। उनके बल्ले से 21 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 54 रन निकले।

टेबल-टेनिस

## भारत ने श्रीलंका को 3-0 से फाइनल में हराया दोनों वर्गों में दक्षिण एशियाई टीम खिताब सुरक्षित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंडर-15 के फाइनल में भी भारत ने श्रीलंका को 3-0 से शिकस्त दी जबकि अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भी सार्थक आर्या ने श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों मैच जीतकर भारत की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। सोहम मुखर्जी ने भी अपना मैच जीता।

भारत की लड़कियों की अंडर-19 टीम ने कैंडी में मेजबान श्रीलंका को फाइनल में 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना खिताब बरकरार रखा। भारत ने इससे पहले नेपाल को सेमीफाइनल में 3-0 से हराया। फाइनल में भारत की सयाली वानी ने बिमांदी बंडारा को 11-6, 12-10, 11-8, प्रिथा वर्तिकर ने तमादी कविंदया को 7-11, 11-3, 11-7, 6-11, 11-8 जबकि तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरानी को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर खिताब जीता।

अंडर-15 पुरुषों के फाइनल में भारत की जीत

अंडर-15 के फाइनल में भी भारत ने श्रीलंका को 3-0 से शिकस्त दी जबकि अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भी सार्थक आर्या ने श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों मैच जीतकर भारत की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। सोहम मुखर्जी ने भी अपना मैच जीता। हालांकि साहिल रावत को अगस्तया आनंदिथा से हार का सामना करना पड़ा था।

# ऋषभ पंत टी20 विश्व कप में बड़ा प्रभाव डालेंगे: पोंटिंग



**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को उम्मीद है कि भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में बड़ा प्रभाव डालेंगे। ऋषभ पंत ने आईपीएल 2024 में 14 महीने से अधिक के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की, और अब चंद दिन बाद विश्व कप जैसे बड़े मंच पर एक बार फिर अपना जलवा बिखरने के लिए तैयार हैं।

एक भयानक कार दुर्घटना में कई चोटों से उबरने के बाद उन्होंने न केवल सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की, बल्कि अपनी फिटनेस पर सस्पेंस बने रहने के बावजूद पूरे सीजन शानदार विकेटकीपिंग भी की। टी20 विश्व कप के लिए पंत का नाम भारत की टीम शामिल है। इस पर पोंटिंग ने कहा कि उनकी शानदार वापसी के बाद उनका विश्व कप टीम में शामिल होना तय था। पोंटिंग को यह भी लगता है कि मेगा इवेंट में ऋषभ अच्छा इम्पैक्ट डालेंगे। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, जब मैं वहां था तो मुझसे पूछा गया कि मैं उसके बारे में क्या सोचता हूं। उसे भारतीय टीम में चुना गया था, और मैंने कहा था कि वह चुने गए पहले खिलाड़ियों में से एक होगा, और निश्चित रूप से वह था। इसलिए, उसे दोबारा वहां खेलते हुए देखना बहुत अच्छा है।

मैंने उनके साथ काम करने के हर पल का आनंद लिया है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन यह एक उल्लेखनीय वापसी रही है और उम्मीद है कि इस विश्व कप पर उनका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। पंत, जो चोटों के कारण आईपीएल के पिछले संस्करण में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने आईपीएल 2024 में 446 रन बनाए, जो इस संस्करण में फ्रेंचाइजी के लिए सबसे अधिक है। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाए और 155.40 की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ खेले। पोंटिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। मैंने पिछले साल आईपीएल के बीच में उनके साथ कुछ महीने बिताए थे। उनकी चोट काफी गंभीर थी और मुझे तब डर था कि वह फिर कभी यह खेल पाएंगे या नहीं।मुझे याद है कि मैंने उनसे कहा था, आप अगले सीजन के बारे में क्या सोचते हैं? उसने बस मेरी तरफ देखा और कहा, चिंता मत करो, मैं सही हो जाऊंगा। दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने उनकी देखरेख में बहुत अच्छा काम किया है। पैट्रिक फरहार्ट उनके फिजियो रहे हैं। उन्होंने उसके साथ भी बहुत अच्छा काम किया है। पोंटिंग ने कहा कि टूर्नामेंट में लगातार 14 मैचों तक उनकी कीपिंग को लेकर सभी को संदेह था लेकिन पंत ने उन्हें गलत साबित कर दिया।

पेरिस ओलंम्पिक

# ओलंपिक में भाग लेने वाले निशानेबाज म्यूनिख विश्व कप में खेलेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरआई) ने मंगलवार को बताया कि ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी निशानेबाज म्यूनिख में होने वाले आगामी विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट के जरिये खिलाड़ियों की तैयारियों की परीक्षा होगी।

पेरिस ओलंपिक जुलाई में होना है, उससे पहले यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होगा। कई निशानेबाजों ने एनआरआई से 31 मई से छह जून तक होने वाले विश्व कप (पिस्तौल और राइफल) से छूट देने का आग्रह किया था क्योंकि उन्हें अप्रैल और मई में नई दिल्ली और भोपाल में हुए कड़े ओलंपिक चयन ट्रायल्स के बाद थोड़ा विश्राम की जरूरत है। ओलंपिक चयन ट्रायल में भाग लेने वाले निशानेबाज और अधिकारियों ने महासंघ के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

इसमें एनआरआई ने निशानेबाजों को विश्व कप के महत्व के बारे में बताया। पेरिस ओलंपिक में अब केवल दो महीने का समय बचा है।

एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश सिंहदेव ने कहा- हमने निशानेबाजों से बात की और वे सभी विश्व कप में भाग लेने के लिए तैयार हैं। हमने उन्हें अपनी स्पर्धा चुनने और उसमें वे किस तरह से भाग लेना चाहते हैं, इसकी छूट दी है। अगर वे केवल फाइनल्स में खेलना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं। या फिर वे केवल रैंकिंग अंकों (आरपीओ) के लिए खेल सकते हैं।

मोटो जीपी चैंम्पियनशिप

## इस साल भारत में मोटो जीपी का आयोजन नहीं, अब 2025 में होगी रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल भारत में होने वाला मोटो जीपी चैंपियनशिप सितंबर में नहीं होगा। अब इसे मार्च 2025 के लिए स्थगित कर दिया गया है। ऐसा कहा जा रहा था पिछले साल हुई रेस में रेस प्रमोटरों ने अधिकार रखने वालों को बकाया भुगतान नहीं किया था।



इसके बाद 20 से 22 सितंबर के बीच होने वाले दूसरे सत्र पर अनिश्चितता मंडराने लगी थी। मंगलवार को सभी संबंधित पक्षों और उत्तर प्रदेश सरकार की बैठक में यह तय हुआ कि रेस का अगला सत्र 2025 में मार्च में कराया जाए। इसे मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह में आयोजित किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि सभी भुगतान कर दिए गए हैं और जो बचे हैं, वे अगले साल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने नवंबर में भी रेस कराने के बारे में सोचा, लेकिन फिर चार लगातार रेस टीमों और राइडर्स के लिए मुश्किल होती।

पहले सत्र में बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर हुई रेस में 50 हजार से अधिक फैंस जुटे थे।

# फर्जी आयकर अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को सात वर्ष का कठोर कारावास

पन्ना

फर्जी आयकर अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को माननीय इंद्रजीत रघुवंशी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा सात वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। घटना के संबंध में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 21.12.2018 को थाना कोतवाली पन्ना में फरियादी सुनील कुमार शुक्ला ने इस आशय का लिखित आवेदन पेश किया कि दिनांक 11.10.2018 को उसके मोबाइल से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को आयकर अधिकारी जो कि आयकर आयुक्त कार्यालय भोपाल में पदस्थ है, बतलाकर उसके विरूद्ध आयकर विभाग में किसी ने शिकायत की है ऐसा संदेश दे रहा है एवं उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक नोटिस भी उसके द्वारा भेजा गया है जिसमें कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त भोपाल म.प्र. एवं सील लगी है एवं आर. के. झा आयकर आयुक्त भोपाल म.प्र. लेख है एवं आर. के. झॉ. आर. के. झॉ अंग्रेजी में हस्ताक्षर है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेन्ट का लोगो नोटिस में बना है जावे आवेदन पत्र के साथ संलग्न है। उसके मोबाइल नम्बर पर उस व्यक्ति के द्वारा दो तीन बार बात भी की गई है और बोला गया है कि आपके यहां छापा पडने वाला है इनकम टैक्स टीम रेड डालने वाली है, उसे नोटिस फर्जी प्रतीत होता है। उसके द्वारा इनकम टैक्स ऑफिस से भी जानकारी ली गई जिनके द्वारा बताया गया कि आपके नाम कार्यालय से कोई नोटिस जारी नहीं हुआ है किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर फर्जी सील, सिक्का एवं हस्ताक्षर कर उससे रूपये का लेन-देन कर शिकायत रफा दफा करने की बात की जा रही है। उसे जानकारी मिली है कि सागर में आर.टी.ओ. विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों से भी इसी प्रकार की फोन पर किसी व्यक्ति द्वारा इनकम टैक्स अधिकारी बनकर बात की गई है। फरियादी द्वारा प्रस्तुत उक्त लिखित शिकायत आवेदन के आधार पर थाना कोतवाली पन्ना में अज्ञात के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। अभियुक्तगण को गिरफ्तारी पत्रक अनुसार गिरफ्तार किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी अश्विनी सिंह को क्रमश: धारा-420, 467, 468, 471 भादसं. में 03 वर्ष, 07 वर्ष, 03 वर्ष, 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया गया है।

## संविदा स्वास्थ कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे कर्मचारी संगठन ने कलेक्टर के नाम भेजा पत्र

**पन्ना।** भारतीय मजदूर संघ एवं राज्य स्वास्थ कर्मचारी एवं मेडिकल ऐशोसिऐशन तथा संविदा स्वास्थ कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे कर्मचारी संगठन के पदाधिकारीयो ने सिविल सर्जन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम पत्र देते हुए कहा कि एसएनसीयू मे बार्ड बाय पद पर पदस्थ मुकेश सिंह का स्थानान्तरण स्वास्थ केन्द्र पवई कर दिया गया है। जिसे तत्काल निरस्त किया जाये। क्योकि मुकेश सिंह द्वारा लगातार लगन एवं मेहनत से कार्य किया जा रहा था। यदि उक्त स्थानान्तरण दो दिवस के अन्दर नही किया जाता है तो सभी कर्मचारी उक्त आदेश का विरोध करेगें। इस अवसर पर महेन्द्र तिवारी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, शिव कुमार मिश्रा, सलीम खान, विनोद तिवारी, जगदीश जडिया, नरेन्द्र तिवारी, फिरोज खान, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मतगणना स्थल पर अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश पा सकेंगे

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतगणना हाल में अंदर केवल अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाएगा। इनमें गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक, निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति, निर्वाचन के संबंध कर्त्तव्यरूढ़ लोकसेवक एवं उम्मीदवार तथा उनके निर्वाचन और गणना अभिकर्ता शामिल रहेंगे। आयोग के मुताबिक मतगणना प्रारंभ होने के पूर्व यह सुनिश्चित करना होगा कि अधिकृत व्यक्तियों के अलावा अन्य कोई व्यक्ति हाल में उपस्थित न हो। आयोग ने यह ध्यान रखने भी कहा है कि निर्वाचन के संबंध में कर्त्तव्यरूढ़ लोकसेवक के अंतर्गत सामान्य रूप से पुलिस अधिकारी नहीं आते हैं, ऐसे अधिकारियों को चाहे वे वर्दी में हों या सादे वस्त्रों में, सामान्यत: नियमानुसार काउंटिंग हाल के अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने या किसी भी प्रकार के अन्य प्रयोजन से अंदर बुलाने का निर्णय न लिया जाए। इसी तरह केन्द्र अथवा राज्यों के मंत्री, राज्य मंत्री और उपमंत्री भी इस श्रेणी में नहीं आते। वे काउंटिंग हाल में केवल अभ्यर्थी के रूप में आ सकते हैं। आयोग के निर्देशानुसार उनकी नियुक्ति निर्वाचन या गणना अभिकर्ताओं के रूप में नहीं की जा सकती, क्योंकि वे गनमैन की सुरक्षा में होते हैं। इसलिए उन्हें काउंटिंग हाल में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। आयोग के अनुसार किसी भी परिस्थिति में गणना के स्थान में अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# चीतल की मौत, नही पंहुचा वन अमला, नोचते रहे कुत्ते

पन्ना

पन्ना जिले में वन विभाग की निष्क्रियता के चलते जहां एक ओर वन्य प्राणी बे मौत मर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जंगलों की अंधाधुंध कटाई, वन भूमि में अतिक्रमण और अवैध हीरा एवं पत्थर उत्खनन जोरों पर चल रहा है। सूचना और शिकायतों के बाद भी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्रवाई के बजाय अपने कार्यालय या आवास में आराम फरमाते रहते हैं। ऐसा ही मामला 27 मई 2024 को बताया गया है जब नेशनल हाईवे 39 पन्ना-सतना रोड में उत्तर वन मंडल अंतर्गत दक्षिण वन मंडल के काष्टागार के बगल में चीतल के संदिग्ध परिस्थितियों में पड़े शव की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा देने के बाद शाम तक कोई भी वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा, इस दौरान आवारा कुत्ते मृत चीतल के शव को नोचते घसीटते रहे। इस प्रकार की लापरवाही आए दिन सामने आ रही है।

# कड़ी धूप और लू लपट से बचने के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीएस उपाध्याय ने बताए उपाय



**पन्ना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हृदय रोग विशेषज्ञ विद्यासागर उपाध्याय ने पन्ना जिला वसियों को जानकारी देते हुए बतलाया कि इस सीजन में कड़ी धूप और लू लपट का बहुत ज्यादा प्रभाव चल रहा है। इससे बचने का एकमात्र उपाय है यदि किसी जरूरी कार्य से बाहर निकल रहे हैं, तो सबसे पहले भोजन करके हलके कुरता पजामा पहन कर घर से निकले। इसके साथ नींबू पानी का बोतल और बड़ी मात्रा में पानी रखकर चलें जो एक नियमित अंतराल में पीते जाएं। यदि किसी को लू लग चुकी है और बुखार आने लगा है, तो वह व्यक्ति घर पर ही पहले घरेलू उपचार के रूप में ठंडा पानी की पट्टी रखें और यदि आसपास में बर्फ की सिल्ली रखी हुई है तो उसे पर बुखार चढ़े व्यक्ति को लिटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के समय में उल्टी दस्त का भी कभी-कभी परेशानी हो जाता है इससे बचाव हेतु आर इस का घोल 1 लीटर पानी में बनाएं और नियमित अंतराल में पीते जाएं तथा नींबू पानी का भी सेवन करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्हे एस उपाध्याय ने कहा की यदि कोई आवश्यक कार्य नहीं है तो अपने घर पर ही विश्राम करें। सूरज ढलने के उपरांत शाम को तथा सुबह ही आवश्यक सामान खरीदने के लिए घर से बाहर निकले।

## मतगणना स्थल पर पोस्टल बैलेट उपलब्ध कराने के निर्देश

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 4 जून को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डाक से प्राप्त होने वाले डाक मतपत्र के लिफाफे डाक विभाग के माध्यम से सीधे मतगणना स्थल पर सुबह 8 बजे तक उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

## आईटीआई में प्रवेश के लिये ऑनलाईन आवेदन 10 जून तक

**पन्ना।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पन्ना ने बताया कि आईटीआई में संचालित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिये इच्छुक अभ्यर्थी 10 जून 2024 तक एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीयन करवा सकते हैं। प्रवेश के लिये ऑनलाईन पंजीयन स्वयं या नजदीकी कियोस्क सेंटर पर निर्धारित शुल्क जमा कर किया जा सकता है। औद्योगिक संस्थाओं में रोजगार प्राप्त करने एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करने में आईटीआई प्रशिक्षण उपयोगी है। शासन द्वारा आईटीआई संस्थाओं में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत सीट आरक्षित की गई है।

# दुर्जन मनुष्य संसार के सभी जीवो से जहरीला होता है: शास्त्री महराज

## कृष्ण जन्मोत्व पर जमकर झूमे श्रोता



**पन्ना।** पन्ना जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाले झगरा ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा का संगीत मय आयोजन किया गया था। लगातार कथा के दौरान अमृत रस बरस रहा है वही कथा के चौथे दिन कथावाचक महाराज पंडित सुरेंद्र शास्त्री द्वारा भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का बडे ही मार्मिक ढंग से सुनाया गया। कथा वाचक शास्त्री जी महाराज ने कथा को आंगे बढाते हुए श्रोता को बताया कि जो प्रभु में आस्था और विश्वास रखता है प्रभु उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं और उनके दुखों को हरने के लिए आगे आते हैं। जिसका उदाहरण माता देवकी और वासुदेव जी हैं जहां नारायण ने अपने भक्त की कोख से जन्म लिया जब कंस के अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गये थे तथा कंस ने अपनी बहन माता देवकी और वासुदेव जी को कारागार में डाल दिया, तब भगवान ने उनके यहां जन्म लेकर दुस्टों का संघार किया जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म की कथा को महाराज ने सुनाया तो उपस्थित श्रोता भाव विभोर होकर झूमने नाचने लगे। इसके पूर्व शास्त्री जी ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव सहित उनके द्वारा संसार मे मर्यादा पुरषोत्तम के रूप मे जनम लेकर लोगो को जीवन जीने तथा आम सांसरिक मनुष्य को किस प्रकार जीवन जीना चाहीए। कथा मे बडे ही सुन्दर ढंग से विस्तार से बताया। बृतान्त के दौरान कंस की अत्याचार को उन्होने बताया कि इस संसार मे साप, बिच्छू तथा अन्य विशैले जीवो से अधिक दुर्जन मनुष्य को सबसे अधिक विशैला बताया तथा कहा कि विषैले जीवो मे तो एक ही स्थान पर जहर होता है लेकिन दुर्जन मनुष्य के अंग अंग मे जहर भरा होता है। दुर्जन मनुष्य किसी का भी भला नही चाहता है। मीठी बाणी बोलना भी उसके लिए कष्ट दाई होता है। इस दौरान जन्मोत्सव को लेकर सुंदर झाकी बनाई गई। इस दौरान वासुदेव का किरदार निभा रहे नरेंद्र शर्मा ने भगवान कृष्ण को पालना में लेटाकर पंडाल पहुंचे तो लोगों ने भगवान के खूब जयकारे लगाए और जमकर नृत्य किया वहीं संगीतकार पंडित धर्मवीर शर्मा ने भगवान के जन्म पर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जिसे सुन लोग मंत्र मुग्ध हो गए।

## जेके सीमेंट कंपनी के पास भीषण सड़क हादसा, अज्ञात ट्रक ने मोटर साईकिल सवार को मारी टक्कर, दो की मौत



**पन्ना।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत जेके सीमेंट प्लांट के पास ग्राम पगरा में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्री 28 मई को मोटर साईकिल मे सवार दो युवक अपने घर जा रहे थें। उसी दौरान एक अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया, पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को गंभीर हालत में एंबुलेंस के माध्यम से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार उपरांत दोनों घायलों की हालत नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया, रात्रि लगभग 9 बजे जिला अस्पताल पन्ना पहुंचने पर डॉक्टर के द्वारा घायलों का इलाज शुरू किया गया, जिसमें इलाज के दौरान दोनो की मृत्यु हो गई। एक मृतक की पहचान नमैईया आदिवासी निवासी ग्राम बोदा थाना सिमरिया के रूप में हुई है। वहीं दूसरे मृतक की शिनाख्त अभी बाकी है।

पुलिस के द्वारा पंचनामा उपरांत मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना मे रखवाया गया है तथा शव परिजनो को सौप दिया गया है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना तैयारियों की समीक्षा की



**पन्ना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आज सभी रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के प्रारंभ में श्री राजन ने प्रदेश में चारों चरणों की शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। पन्ना जिले के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार वर्चुअली शामिल हुए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र सहित सभी एआरओ भी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रदेश के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि सतर्कता के साथ मतगणना प्रक्रिया संपन्न कराएं और मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। मतगणना स्थल पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं और संसाधन उपलब्ध रहें।

तेज गर्मी को देखते हुए ठंडा पानी, कूलर, पंखे, मेडिकल किट, एम्बुलेंस, अग्निशामक यंत्र, फायर ब्रिगेड सहित सभी व्यवस्थाएं कर लें। बिजली की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें। पावर बैकअप प्लान और जनरेटर आदि की व्यवस्था भी रखें। मतगणनाकर्मियों का प्रशिक्षण 31 मई तक पूरा कर लें।

## सीलिंग कार्य के लिए दल का गठन

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने मतगणना दिवस पर कन्ट्रोल यूनिट की गणना के उपरांत सीलिंग कार्यवाही और पूर्ववत स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भण्डारण के लिए दल का गठन किया है। पवई विधानसभा के लिए सीलिंग प्रभारी सहायक यंत्री बीडी कोरी, गुनौर विधानसभा के लिए कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह और पन्ना विधानसभा के लिए प्रभारी कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा को नियुक्त किया है। इसी तरह गठित सीलिंग दल में विधानसभा एवं टेबलवार उपयंत्रियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है। संबंधित लोकसेवकों को शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में आगामी 2 जून को दोपहर 2 बजे से आयोजित प्रशिक्षण में तथा मतगणना दिवस पर 4 जून को अपरान्ह 3 बजे शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में उपस्थित होकर सीलिंग कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की पद पूर्ति के लिए लिखा पत्र

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिला चिकित्सालय पन्ना में रिक्त विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारियों के पदों की प्रतिपूर्ति के संबंध में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को पत्र लिखा है। जिला कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य आयुक्त सह सचिव संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं सतपुड़ा भवन भोपाल को प्रेषित अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से जिला चिकित्सालय में रिक्त 38 पदों की पूर्ति के बारे में अवगत कराया गया है। वर्तमान में कुल स्वीकृत 61 पदों के विरूद्ध 23 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं। जिला असपताल में शिशु रोग विशेषज्ञ का एक, शल्य क्रिया विशेषज्ञ के चार, मेडिसिन विशेषज्ञ के चार, निश्चेतना विशेषज्ञ के दो, पैथालॉजिस्ट के दो, रेडियोलॉजिस्ट के दो, स्त्री रोग विशेषज्ञ का एक, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ का एक, नेत्र रोग विशेषज्ञ का एक, अस्थि रोग विशेषज्ञ के दो, दंत रोग विशेषज्ञ का एक, क्षय रोग विशेषज्ञ का एक और चिकित्सा अधिकारी के 16 पद रिक्त हैं। जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य आयुक्त विवेक कुमार पोरवाल को प्रेषित पत्र में जिला चिकित्सालय पन्ना का 300 बेड के अस्पताल में उन्नयन की स्वीकृति का उल्लेख भी किया है। साथ ही जिले में मात्र एक महिला चिकित्सा अधिकारी पदस्थ होने के कारण एमएलसी एवं महिला संबंधी अन्य अत्यावश्यक चिकित्सा सेवा प्रभावित होने संबंधी जानकारी के बारे में अवगत कराकर जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की व्यवस्था कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और उपचार प्रदान करने का उल्लेख किया गया है।

# मतगणना दायित्वों के लिए लगाई कर्मचारियों की ड्यूटी

पन्ना

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 04 जून को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में ईव्हीएम से होने वाली मतगणना के लिए सुबह 07 बजे से परिणाम की घोषणा तक विधानसभावार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए दल का गठन भी किया गया है।

स्ट्रांग रूम से मतगणना टेबल पर कन्ट्रोल यूनिट पहुंचाने और गणना उपरांत कन्ट्रोल यूनिट को वापस स्ट्रांग रूम में जमा करने के लिए टेबलवार कोटवार की ड्यूटी दल प्रभारी के साथ बतौर मददगार निर्धारित की गई है, जबकि पवई विधानसभा के लिए पटवारी शिवाकांत तिवारी की टेबल क्रमांक 1 से 7 तक के लिए और विभव पाठक की टेबल क्रमांक 8 से 14 तक के लिए, गुनौर विधानसभा में पटवारी दीपकुमार चौधरी की टेबल क्रमांक 1 से 7 तक के लिए और विनयराज सिंह की टेबल क्रमांक 8 से 14 तक के लिए तथा पन्ना विधानसभा में पटवारी संजय अहिरवार की टेबल क्रमांक 1 से 7 तक के लिए और अंकित श्रीवास्तव की टेबल क्रमांक 8 से 14 तक के लिए बतौर दल प्रभारी ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह स्ट्रांग रूम से सीयू प्रदान करने और वापस रखने के लिए भी दायित्व सौंपा गया है। पवई विधानसभा के लिए पटवारी ब्रजेश पटेल एवं राजेश अग्रवाल और भृत्य महिपाल सिंह एवं बाबूलाल अहिरवार, गुनौर विधानसभा के लिए पटवारी अविनाश चौरसिया एवं अमित शिवहरे और कोटवार पुष्पेन्द्र दहायत एवं राजेन्द्र दहायत तथा पन्ना विधानसभा के लिए पटवारी रामकरण बागरी एवं विमल यादव और कोटवार सोनू रजक एवं ओमप्रकाश यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त मतगणना के प्रत्येक राउण्ड पूरा होने पर मतगणना परिणाम की छायाप्रति करवाकर गणना एजेंट को प्रदान करने के लिए भी ड्यूटी का निर्धारण किया गया है। इसके लिए पवई विधानसभा अंतर्गत पटवारी सुनील कुमार गर्ग, स्वतंत्र लटोरिया एवं रामऔतार वर्मा, गुनौर विधानसभा अंतर्गत पटवारी लोकेन्द्र सिंह राजपूत, पंकज पाण्डेय एवं संजय शुक्ला तथा पन्ना विधानसभा अंतर्गत पटवारी नितेश कुमार वर्मा, अमित जड़िया एवं राकेश पटेल को दायित्व सौंपा गया है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत, 2 घायल

**सतना।** कोलगवां थाना अंतर्गत बाबूपुर में दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में महिला की मौत हो गई, वहीं 2 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि गेंदिया पति स्वर्गीय कुसइया चौधरी 80 वर्ष, निवासी गौहारी, थाना रामपुर बाघेलान, अपनी बेटी रामरति पति स्वर्गीय कमलेश चौधरी 48 वर्ष, निवासी मझगवां भट्ठा, थाना सिविल लाइन और पोते सत्यम पुत्र मनभरण चौधरी 19 वर्ष, के साथ मंगलवार सुबह बाइक से चोरहटा स्थित बैंक से पेंशन निकलवाने गई थी, दोपहर करीब डेढ़ बजे जब तीनों लोग गांव लौट रहे थे, तभी बाबूपुर सोसाइटी के पास सामने से आई बुलट से मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई, इस दुर्घटना में मां-बेटी समेत तीनों लोग जख्मी हो गए, तो वहीं दूसरी गाड़ी में भी सवार युवक को चोटें आईं। सभी को राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने देखते ही गेंदिया चौधरी को मृत घोषित कर दिया, तो बुलट में सवार युवक को गंभीर हालत के चलते रीवा रेफर कर दिया गया।

# प्रधान जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में वृक्षारोपण अभियान के संबंध में हुई बैठक

पन्ना



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पंच-ज अभियान अंतर्गत आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक 72 दिवसीय वृहद वृक्षारोपण विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आज वन, राजस्व, शिक्षा विभाग सहित नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर अधिकारियों से वृक्षारोपण के स्थान, पौधों के प्रकार, उपलब्धता और अन्य विषयों पर जानकारी लेकर जिला मुख्यालय पर न्यूनतम आठ हजार तथा तहसील स्तर पर न्यूनतम एक हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही प्रत्येक शासकीय व निजी शैक्षणिक संस्थाओं और अन्य चिन्हित स्थानों पर भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कर अभियान के सफल आयोजन का आह्वान किया।

जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार ने अधिकारियों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में विशेष न्यायाधीश पी.सी. आर्य, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं जिला रजिस्ट्रार शिवराज सिंह गवली, वनमंडल अधिकारी उत्तर गर्वित गंगवार, वनमंडल अधिकारी दक्षिण पुनीत सोनकर, एसडीएम संजय नागवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले, वन विस्तार अधिकारी सामाजिक वानिकी अशेष मिश्रा, सहायक संचालक शिक्षा नीतेश कुमार, डीपीसी अजय कुमार गुप्ता और सहायक परियोजना समन्वयक गोविन्द तिवारी भी उपस्थित रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरुवार 30 मई 2024 | 8


विधि महाविद्यालय, पेन्टियम प्वांइट कालेज तथा श्रीयुक्त विधि महाविद्यालय के छात्रों को इंटर्नशिप के तहत केन्द्रीय जेल का भ्रमण कराकर परिरूद्ध बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई।



## शासकीय निर्माण कार्यों के लिए तत्काल भूमि उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

**रीवा।** गत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारियों को शासकीय निर्माण कार्यों के लिए तत्काल भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रम के तहत शाला भवन, पेयजल टंकी, सड़क, नाली निर्माण, अस्पताल भवन तथा आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण स्वीकृत है। इनके निर्माण के लिए राजस्व अधिकारी तत्काल भूमि उपलब्ध कराएं। निर्माण कार्यों से संबंधित अधिकारी संबंधित क्षेत्र के एसडीएम से संपर्क करके भूमि संबंधी मांग पत्र तत्काल प्रस्तुत कर दें। शासकीय निर्माण के लिए आवंटित भूमि पर यदि कहीं पर अतिक्रमण है तो उसे तत्काल हटाएं। सभी तहसीलदार मौके पर जाकर शासकीय कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़कों पर कई गांवों में अनावश्यक विवाद किया जा रहा है। तहसीलदार मौके पर जाकर जमीन का सीमांकन कराएं। सड़क निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराएं। एसडीएम त्योंथर, एसडीएम हुजूर तथा एसडीएम सिरमौर इस संबंध में तत्परता से कार्यवाही करें। जिला शिक्षा अधिकारी सीएम राइज स्कूलों तथा अन्य शाला भवनों के लिए जमीन आवंटित कराएं। रीवा शहर के लिए दूसरा सीएम राइज स्कूल भवन स्वीकृत हो गया है। इसका निर्माण पाण्डेन टोला में किया जाएगा। एसडीएम हुजूर इसके लिए जमीन चिन्हित करें। नल-जल योजनाओं की टंकी के निर्माण के लिए 18 स्थानों में शाला भवन परिसरों में जमीन चिन्हित कर दी गई है। इनका निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड को पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत जल संसाधन विभाग के लिए निर्माण कार्य के आदेश दिए गए हैं। एसडीएम हुजूर सात दिवस में निर्धारित निर्माण स्थल को रिक्त कराकर हाउसिंग बोर्ड को सौंपे। जिला प्रबंधक जल निगम पटेहरा में टमस नदी पर बनाए गए पुल से पेयजल की पाइपलाइन हटा लें। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को अमृत सरोवरों को खसरे में दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने त्योंथर में नदी घाट निर्माण के लिए निर्धारित निर्माण एजेंसी से ही कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में 9 विकासखण्डों में स्टेडियम निर्माण के लिए जमीन के चिन्हांकन तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीएमओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतगणना में सहयोग के लिए मास्टर ट्रेनर तैनात

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। मतगणना में सहयोग तथा ईव्हीएम में किसी भी तरह की कठिनाई को दूर करने के लिए मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मतगणना स्थल में नोडल अधिकारी ईव्हीएम आदित्य सिंह, सहायक नोडल फैजमोइन सिद्दीकी तथा शरदेन्दु सिंह को तैनात किया गया है। इसके साथ-साथ ईव्हीएम के मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार झा, शरद कुमार द्विवेदी, अविनाश गौतम, राममणि मिश्रा, जीवेन्द्र सिंह, विजय सिंह बघेल तथा पवन पाण्डेय मऊगंज को भी तैनात किया गया है। इन सभी को 4 जून को सुबह 6 बजे मतगणना स्थल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## ईव्हीएम सीलिंग में सहयोग के लिए मास्टर ट्रेनर तैनात

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना 4 जून को इंजीनियरिंग कालेज रीवा में सुबह 8 बजे से आरंभ होगी। मतगणना संपन्न होने के बाद विधानसभावार तथा मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम मशीनों की सीलिंग की जाएगी। सीलिंग के बाद ईव्हीएम मशीनें निर्धारित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भण्डारित की जाएंगी। ईव्हीएम की सीलिंग में सहयोग देने के लिए विधानसभावार मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में वीरेन्द्र कुमार शुक्ला तथा राकेश तिवारी, सेमरिया में बीके पटेल, अम्बरीश मिश्रा तथा त्योंथर में एसएल मिश्रा एवं पवन पाण्डेय मऊगंज को तैनात किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में मास्टर ट्रेनर देवेन्द्र सिंह तथा रामयश पाल, देवतालाब में अनिल कुमार अग्रवाल तथा अतुल उपाध्याय, मनगवां में डीसी गुप्ता तथा पवन कुमार पाण्डेय रीवा, विधानसभा क्षेत्र रीवा में प्रभाकर सिंह तथा विमलेश गौतम एवं विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में दीपक मिश्रा तथा प्रेमलाल तिवारी को तैनात किया गया है। इन सभी की तैनाती जिला स्तरीय स्ट्रांग रूम क्रमांक एफ-2 तथा एफ-3 में की गई है। स्ट्रांग रूम एफ-1 में प्रभात सिंह, हितेन्द्र पटेल, संजय पाण्डेय, बिपिन कुमार सिंह, सत्यनारायण द्विवेदी, रामसजीवन साकेत, संतोष कचेर, अरूण शुक्ला, श्रीराम, सुनिधि कुमार शुक्ला, कृष्ण प्रताप सिंह तथा कुलदीप सिंह की तैनाती की गई है। सभी मास्टर ट्रेनरों को 4 जून को शाम 5 बजे ईव्हीएम वेयर हाउस में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## मतगणना तैयारियों की समीक्षा बैठक 31 मई को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। कलेक्ट्रेट सभागार में 31 मई को प्रातः 11 बजे से बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल मतगणना तैयारियों की समीक्षा करेंगी। सभी सहायक रिटर्निंग आफीसरों, नोडल अधिकारी ईव्हीएम तथा सभी नोडल अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 1092434 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा**

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। अधिकांश खरीदी केन्द्रों में गेंहू की खरीद लगभग पूरी हो गई है। अब कुछ ही खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक हो रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 29 मई तक 24020 किसानों से 1092434 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 262 करोड़ 18 लाख 43 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 1059244 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 205 करोड़ 90 लाख 69 हजार 102 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 27463 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 25 जून तक बढ़ा दी गई है।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग से की गई मतगणना तैयारियों की समीक्षा

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से मतगणना तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन भी इंदौर से वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े।





वीडियो कांफ्रेसिंग में उप निर्वाचन आयुक्त श्री भादू ने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि सुरक्षा की सभी व्यवस्थाओं सुनिश्चित कराते हुए आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतगणना का कार्य सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में पासधारक व्यक्ति ही प्रवेश करें तथा वहां किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाये। वीडियो कांफ्रेसिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है। उन्होंने मतगणना कक्ष में डाकमत पत्र, ईटीपीबीएस की गणना तैयारियों के बारे में बताया। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किये गये है। वीडियो कांफ्रेसिंग में स्थानीय एनआईसी में सहायक कलेक्टर प्रपंज आर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।

## तालाबों तथा शासकीय परिसम्पत्तियों को खसरे में दर्ज कराएं : कलेक्टर

**रीवा।** शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत जिले भर में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न निर्माण एजेंसियाँ शासकीय भूमि तथा किसानों से भू अर्जन से प्राप्त भूमि पर सड़क, पुल, नहर, भवन तथा अन्य निर्माण कार्य कर रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इससे नवीन शासकीय परिसम्पत्तियों का निर्माण हो रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को शासकीय परिसम्पत्तियों को खसरे में दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि शासकीय भूमि तथा भू अर्जन से प्राप्त भूमि पर किए गए सभी निर्माण कार्यों को राजस्व अभिलेख में सात दिवस में दर्ज कराएं। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बनाए गए सभी अमृत सरोवरों तथा अन्य तालाबों को भी राजस्व अभिलेख में दर्ज कराएं। जिससे इन तालाबों का उपयोग मछली पालन के लिए किया जा सके। खसरे में दर्ज होने के बाद ही तालाबों का आवंटन मछली पालन के लिए किया जाता है। तालाबों तथा परिसम्पत्तियों को खसरे में दर्ज न करने पर उनमें अतिक्रमण को बढ़ावा मिलता है। सभी एसडीएम आगामी टीएल बैठक में परिसम्पत्तियों को खसरे में दर्ज कराने का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही शासकीय परिसम्पत्तियों का अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी अभियान चलाएं।

## 53 साल के बाबा के तीसरी बार समाधि लेने पर पत्नी बोली-समझाकर थक चुकी हूं

**रीवा।** एक बाबा के जीवित समाधि लेने का असफल प्रयास किया है। बाबा ने जमीन के अंदर पांच फीट गहरे गड्ढे में समाधि लेने का प्रयास किया। हालांकि सूचना मिलने के साथ ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें गड्ढे से बाहर निकाल लिया है। बाबा इसके पहले भी दो बार समाधि लेने का प्रयास कर चुका था। दोनों बार पुलिस ने रोक दिया था। खुद को देवी भक्त बताने वाला 53 वर्षीय बाबा मंगलवार को कुछ घंटों तक समाधि लेने में सफल रहा, लेकिन स्थानीय रहवासियों के द्वारा जैसे ही इस बात की सूचना जवा पुलिस को दी गई





तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाबा को बाहर निकाल लिया।

बार-बार जीवित समाधि लेने का प्रयास करने वाले बाबा का नाम राजेंद्र प्रसाद केवट पिता राम अवतार केवट है। राजेंद्र केवट की पत्नी छोटी देवी केवट ने बताया कि मेरे पति किसी की बात नहीं मान रहे हैं। बार-बार अपनी मर्जी से समाधि लेने की जिद करते हैं। कहते हैं कि मुझे देवी अपने पास बुला रही है। मैं इस बात को लेकर काफी परेशान हो चुकी हूं। मैं इन्हें बोलती हूं कि जो धर्म-कर्म करना है वो करो लेकिन समाधि मत लो। समाधि लेने के लिए गड्ढे की खुदाई भी इन्होंने अपने ही हाथों से की है। एडिशनल एसपी विवेक कुमार लाल ने बताया कि राजेंद्र केवट पनसाती गांव का रहने वाला है। जवा थाना पुलिस ने पहले भी इन्हें ये कदम उठाने से रोका था। पुलिस उनकी मानसिक स्थिति का अवलोकन कर रही है। उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। वे कहते हैं कि मैं मां सरस्वती का उपासक हूं और उनकी प्रेरणा से ये काम करना चाहता हूं। अगर मानसिक स्थित ठीक होते हुए भी ये काम कर रहे हैं तो ये आत्महत्या के प्रयास की श्रेणी में आता है। जिस पर 306 का मामला भी पंजीबद्ध किया जा सकता है। राजेंद्र ने पहली बार समाधि लेने की कोशिश अगस्त 2023 में की थी। उसकी पत्नी ने पहले तो उसे समझाने की कोशिश की। लेकिन जब वो नहीं माना तो पत्नी ने स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब सख्ती दिखाई तब जाकर कहीं राजेंद्र ने पुलिस की बात मानी। दूसरी बार जीवित समाधि लेने की कोशिश राजेंद्र ने इसी साल की शुरुआत यानी जनवरी 2024 में की थी। इस बार स्थानीय लोगों से राजेंद्र ने कहा था कि मुझे कोई भी डिस्टर्ब नहीं करेगा। इस बार फिर लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने फिर किसी तरह उसे रोका। पूरे मामले में राजेंद्र ने बताया है कि पुलिस के आने की वजह से मैं जीवित समाधि लेने में सफल नहीं हो पाया। इसलिए मैंने कपड़े पर साफ-साफ लिखवा दिया था कि %%मैं मां सरस्वती को अपनी परीक्षा दे रहा हूं। कृपया शासन-प्रशासन मेरे इस काम में व्यवधान ना डाले। आदि सर्वत्र और निराकार है।

## समर्थन मूल्य पर अब गेंहू की खरीद होगी 25 जून तक

**रीवा।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी। बड़ी संख्या में पंजीकृत किसानों के शेष रहने के कारण शासन ने गेंहू खरीद की अंतिम तिथि में वृद्धि की है। अब निर्धारित खरीदी केन्द्रों में 25 जून तक गेंहू की खरीद की जाएगी। शेष बचे पंजीकृत किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन का लाभ उठा सकते हैं। शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जिन खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक नहीं हो रही है उन्हें जिला उपार्जन समिति से अनुमोदन के बाद बंद किया जा सकता है। जो खरीदी केन्द्र कृषि उपज मण्डी में संचालित हैं उन्हें 25 जून तक संचालित किया जाए। यदि किसी मण्डी में उपार्जन केन्द्र नहीं हैं तो आसपास की समिति से आवश्यकता होने पर उपार्जन केन्द्र मण्डी में स्थानांतरित किया जा सकता है। प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम एक खरीदी केन्द्र 25 जून तक संचालित करें। इसे गोदाम स्तर अथवा ऐसे स्थान पर संचालित करें जहाँ वर्षा से बचाव की पूरी व्यवस्था हो।

## विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में साईबर काईम एवं पाक्सों, किशोर अधिनियम विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पाक्सो अधिनियम एवं किशोर अधिनियम के बारे में जानकारी दी। डी.एस.पी श्रीमती प्रतिभा शर्मा एवं महिला थाना प्रभारी श्रीमती निशा मिश्रा ने सायबर काईम के बारे में बताया। जे.एन.सी.टी के रजिस्ट्रार विक्रमादित्य तिवारी ने सिविल कानूनों के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में बताया। शिविर में आरती तिवारी, अनीश पाण्डेय, विधि छात्र-छात्राये पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे। शिविर का संचालन प्रिया मिश्रा ने किया।

## आईईसी टीम ने किया सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर जागरुकता अभियान

**रीवा**

निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार 29 मई 2024 को आईईसी टीम द्वारा शहर के व्यावसायिक क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में जागरुक करना और उन्हें इसे इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित करना था। आईईसी टीम ने शहर के विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों का दौरा किया जिनमे बाजार, दुकानें आदि सामिल थी टीम ने उनसे बात की सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से प्रदूषण, मिट्टी की उर्वरता में कमी, पर्यावरण के नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने लोगो को सिंगल यूज



के विकल्पों के बारे में बताया जैसे जूट एवं कपड़े से बने बैग, स्टील के डिब्बे, कांच की बोतले आदि विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और उनको बताया कि पर्यावरण को बचाने में कैसे मदद कर सकते है आईईसी टीम के कार्य को लोगो ने सराहा है। यह अभियान शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, नगर निगम इस अभियान को जारी रखेगा और लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जागरुक करता रहेगा।

## तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**रीवा।** तम्बाकू के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि जिले भर में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से तम्बाकू सेवन से होने वाली कैंसर, क्षय रोग, हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा। तम्बाकू निषेध दिवस पर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन अभियान परिषद तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 29.05.2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 32 मलियान शुलभ काम्पलेक्श के पीछे बड़े नाले की सफाई एवं वार्ड 24 कमसरियत का बड़ा नाला साफ कराया गया। वार्ड 16 फूलमती माता मंदिर के पीछे का बड़ा नाला साफ कराया गया। साथ ही स्टेडियम तिराहा से लेकर इटौरा बाईपास तक सफाई एवं इंजीनियरिंग कालेज परिसर की सफाई, कालेज चौराहा से छोटी पुल तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। साथ ही कचरे का उठाव टैक्टर एवं टैम्पों से कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण किया गया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विधि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833